Fortnightly per copy Rs. 12/- only

ओ३म्

18th October 2016

आर्य जीवन
ఆర్య జీవన్

संस्कृति संरक्षण व सामाजिक परिवर्तन का संकल्प

హిందీ-తెలుగు ద్విభాషా పక్ష పత్రిక

Date of Publication 2nd & 17th of every Month, Date of posting 3rd and 18th of every month

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा की अंतरंग सभा का आधिवेशन सम्पन्न

सभा ने महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय लिए

भारत देश के समस्त प्रान्तों में प्रतिनिधि सभाओं के विवादों को समाप्त करने के लिए २००१ को आधार मानकर

सारे प्रांतों में प्रांतीय सभाओं के चुनाव सम्पन्न करवाने का प्रस्ताव पारित

तीनों पक्षों को कोर्ट कमीश्नर द्वारा दिए गए आदेशों के अनुसार तीनों पक्षों ने भी मुम्बई में उक्त निर्णय लिया था

तीनों पक्षों द्वारा लिए गए निर्णय पर स्वामी आर्यवेश जी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में प्रस्ताव पारित कर मुहर लगाई गई

अब बारी आर्य जनता की हैं वह एकता चाहती है या नहीं इस पर चिंतन कर लें

समस्त भारत देश के आर्य विद्वान, वरीष्ठ संन्यासी, विभिन्न विश्व विद्यालयों में काम कर रहे आर्य विद्वान, वरीष्ठ पुरोहित और भजोनपदेशक तथा देश के समस्त आर्य नेताओं का और सम्भव हुआ तो कुछ विदेशी आर्य प्रतिनिधियों को निमंत्रित कर आर्य समाज की एकता को अमली जामा पहनाने के लिए तथा आर्य समाज को सशक्त ताकत रूप में उभारने के लिए एक बृहद् सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय

राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों को भी छाँटा जाएगा व राष्ट्रीय क्षितिज पर आर्य समाज को खड़ा किया जाएगा

साधु-संगठन

अब हमने हरिद्वार के कुम्भ मेले के उपलक्ष्य में योग-सिद्ध साधकों के सन्धान में और साधुओं के संगठन के सम्बन्ध में ध्यान दिया। कुम्भ-मेले में भारत के और तिब्बत के लाखों साधुओं का समागम होता है।

ऐतिहासिक लोग कहते हैं कि राजा हर्षवर्धन के राज्य काल में कुम्भ-मेले का प्रवर्तन प्रयाग-क्षेत्र में हुआ था। प्रति १२ वर्ष बाद उन्होंने प्रयाग में हिन्दू और बौद्ध साधुओं के सम्मेलन का आह्वान किया था। तब से कुम्भ योग में हरिद्वार में, प्रयाग में, नासिक में और उज्जयिनी में संन्यासियों के महासम्मेलन होते हैं।

हरिद्वार में- चैत्र संक्रान्ति (महाविषुव संक्रान्ति) में कुम्भ-स्नान होता है। ब्रह्मकुण्ड में मुख्य स्नान होता है। शिवरात्रि में प्रथम स्नान, चैत्र अमावस्या में द्वितीय स्नान और महाविषुव संक्रान्ति में तृतीय या प्रधान स्नान होता है।

प्रयाग में- पौष संक्रान्ति (मकर-संक्रान्ति) में प्रयाग[३५३] के त्रिवेणी संगम में कुम्भ मेले का स्नान होता है। यह ही प्रथम या प्रधान स्नान है। द्वितीय स्नान परवर्ती अमावस्या में और तृतीय स्नान वसन्त-पंचमी में होता है।

नासिक में- चातुर्मास्य में आषाढ़ शुक्ला एकादशी से कार्तिक शुक्ला एकादशी तक नासिक में कुम्भ-मेला लगता है। इस मेले का प्रथम स्नान श्रावण मास में बृहस्पति के साथ मंगल के और शुक्र के साथ सिंह राशि के मिलन से या कुम्भयोग में होता है। यह ही प्रथम स्नान है। भाद्र की अमावस्या में यहाँ द्वितीय स्नान और कार्तिक की शुक्ला एकादशी में तृतीय स्नान होता है। संन्यासी लोग नासिक से ढाई योजन की दूरी पर गोदावरी के उत्पत्ति स्थान (लम्बकेश्वर) में रहकर कुशावर्त घाट में स्नान करते हैं।

उज्जैन में- उज्जयिनी का कुम्भ मेला वैशाखी पूर्णिमा को कुम्भलग्न में होता है। यहाँ यह एकमात्र ही प्रथम और प्रधान स्नान होता है।

अर्ध-कुम्भ- प्रति ६ वर्ष बाद हरिद्वार में और प्रयाग में अर्ध-कुम्भ मेला होता है[३५४]।

सुना जाता है कि हर्षवर्धन कुम्भ-मेलों के स्थानों में विराट् महायज्ञों के अनुष्ठान करते थे, सर्वस्व दान किया करते थे। इन्हीं स्थानों में ही साधु-संन्यासी और ज्ञानियों के सम्मेलनों के कारण कुम्भ-मेलों का प्रवर्तन हुआ था। इन सम्मेलनों में लक्ष-लक्ष- साधु-संन्यासियों की शोभायात्रा एक अपूर्व दृश्य है। मैं तीन बार हरिद्वार के कुम्भ-मेले में सम्मिलित हुआ था[३५५]। हरिद्वार कुम्भ मेले में यह मेरी प्रथम उपस्थिति थी। अब मैंने विभिन्न नेताओं और विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों के नेताओं से अपने दो विषयों पर विचार-विमर्श के लिये भेंट की थी।

शंकराचार्य के उत्तराधिकारियों से भेंट

शंकराचार्य ने संन्यासियों को एकताबद्ध करने के लिये और उनसे जगत् की उन्नति कराने के लिये भारत की चारों सीमाओं में संन्यासियों के चार मठ स्थापित किये थे। उत्तर में बदरीनारायण-क्षेत्र में **ज्योतिर्मठ**, दक्षिण के क्षेत्र में **श्रृंगेरी मठ**, पश्चिम के द्वारावती क्षेत्र में **शारदा मठ** और पूर्व के पुरुषोत्तम क्षेत्र में **भूगोवर्धन मठ** स्थापित करके उन मठों के संचालनार्थ चार शिष्यों को प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया था। संन्यासियों को उन्होंने दस सम्प्रदायों में विभक्त करके उनको चार मठों के अन्तर्गत कर दिया था। आज भी संन्यासी लोग उन चार मठों के अन्तर्गत दस नामों में से ही किसी न किसी नाम से अपना पिरचय देतेहैं[३५६]।

संन्यासी- श्रृंगेरी मठ के संन्यासियों के नाम-सरस्वती, पुरी और भारती ये तीन। गोवर्धन मठ के- वन और आरण्य ये दो। शारदा मठ के- तीर्थ और आश्रम ये दो और ज्योतिर्मठ के- गिरी, पर्वत और सागर ये तीन नाम हैं।

ब्रह्मचारी- श्रृंगेरी मठ के ब्रह्मचारी **चैतन्य**, गोवर्धन मठ के ब्रह्मचारी **प्रकाश**, शारदा मठ के ब्रह्मचारी **स्वरूप** और ज्योतिर्मठ के ब्रह्मचारी आनन्द हैं।

शंकराचार्य के चारों मठों से सम्बन्धित हजारों संन्यासी और ब्रह्मचारी कुम्भ-मेले में उपस्थित हु थे। मैंने इनके चारों शंकराचार्यों से और प्रधान-प्रधान संन्यासियों से केवल साधु-संगठन के लिये उपदेश, परामर्श और सहयोग माँगा था। मेरी प्रार्थना थी-"आप में से कई एक संन्यासी आ जाइये। हम लोग सारे भारतवर्ष में कम से कम एक हजार संन्यासी संगठित और मिलित हो जायें।

हमारे उद्देश्य रहेंगे-(१) वेद प्रतिपादित धर्म का उद्धार और प्रचार करना, (२) सामाजिक आदर्श और मर्यादा को देशवासियों के सम्मुख स्थापित करना, (३) देश को विदेश और विदेशियों के प्रभाव से मुक्त करना, (४) देश के मंगल के लिये मन और जीवन समर्पित कर देना।

आप में से ही कोई न कोई इस कार्य के संचालक, कणधार बन जाइये।"

उनके मनोभाव-हमारी इस प्रार्थना पर चारों मठों के चारों शंकराचार्य और बड़े-बड़े संन्यासियों ने इस आशय पर अपने मनोभावों को इस रूप से प्रकट कर दिया-"हम ब्रह्मवादी संन्यासी हैं, अद्वैतवादी हैं। हमारे लिये ब्रह्म ही एकमात्र सत्य है। राष्ट्र, समाज, परिवार, जीवन, जगत् और ये सब स्वतन्त्रता-परतन्त्रता, वर्ण-आश्रम, हमारा-तुम्हारा भाव सब कुछ मिथ्या हैं। मिथ्या के लिये हम कुछ भी करना व्यर्थ समझते हैं।"

हम उन्हें केवल यह कहकर चले आये थे- "दुःख की बात है कि आपके भोजन के लिये अन्न, पीने के लिये पानी, रहने के लिये स्थान, सर्दी के लिये कम्बल, हवा के लिये पंखा और सेवा के लिये शिष्य ही एकमात्र सत्य स्पष्ट हो रहे हैं, शेष सभी कुछ मिथ्या मालूम पड़ते हैं[३५७]।"

वैष्णव सम्प्रदायवादियों से भेंट

इसके बाद निराश होकर मैं वैष्णव-सम्प्रदाय के प्रधान-प्रधान नेताओं के पास गया था। ये लोग भी कुम्भ मेले में हजारों की संख्या में एकत्र हु थे। ये लोग द्वैतवादी और वैष्णव-भक्त हैं।

वैष्णवों के अन्दर सम्प्रदाय बहुत हैं। शंकराचार्य के समय में भी बहुत प्रकार के वैष्णव वर्त्तमान थे। अब मात्र रामानुजी, विष्णुस्वामी माध्व और निम्बार्की सम्प्रदाय ही प्रबल हैं। इन सम्प्रदायों का वैरागी या वैष्णव नाम से परिचय दिया जाता है। ये लोग द्वैतवादी हैं और अद्वैतवाद के विरोधी हैं। अवतारों की अपासना करना ही इनकी साधना है। सत्ययुग के नारायण, वेतायुग के श्रीरमचन्द्र, द्वापरयुग के श्रीकृष्ण और कलियुग के श्री चैतन्य देव की उपासना करना ही इनकी मुख्य साधना है। रामानुजाचार्य, बल्लभाचार्य, निम्बर्काचार्य, मध्वाचार्य और चैतन्यदेव ही इनके स्व-स्व सम्प्रदायों के अवलम्बन हैं. । रामायेत, रामानुजी और गौड़ीय वैष्णव नामों से भी इनका परिचय होता है। दक्षिण भारत में रामानुजी वैरागी या श्री-वैष्णव अधिक संख्या में हैं। इस प्रकार अयोध्या और चित्रकूट में रामायेत वैष्णव, वृन्दावन अंचल में श्रीकृष्ण के उपासक, बंगाल और उड़ीसा में गौड़ीय वैष्णव, आसाम में शंकरदेव के उपासक शंकर वैष्णवों की संख्या अधिक है। वैष्णव या वैरागी सम्प्रदायों के अन्दर चार मठधारी सम्प्रदाय हैं- (१) रामानुजाचार्य का श्री-सम्प्रदाय, (२) मध्वाचार्य का ब्रह्म-सम्प्रदाय, (३) वल्लभाचार्य का वल्लभचारी या रुद्र सम्प्रदाय और (४) सनक सनन्दन-सनातन सनत्कुमार का निम्बार्क सम्प्रदाय।

उत्तर भारत में रामानुजी से रामानन्दी वैष्णव अधिक प्रभावशाली हैं। रामानुज के शिष्य देवानन्द, देवानन्द के शिष्य हरिनन्द, हरिनन्द के शिष्य राघवानन्द और राघवानन्द के शिष्य रामानन्द थे। इसलिए परम्परागत रूप से रामानुज से रामानन्द चतुर्थ शिष्य थे। इन सभी के अन्दर दो श्रेणिया हैं- उदासीन और गृहस्थ। गृहस्थ वैष्णव लोग उदासीनों के या गृहस्थ वैष्णव गुरुओं के निर्देशानुसार संसार धर्म का पालन करते हैं। उदासीन वैष्णव तीर्थ-पर्यटन, भिक्षा या देव-पूजा या मठों के महन्त बनकर आजीविका चलाते हैं। भिन्न-भिन्न स्थानों में इनके आश्रय-स्थल हैं और गृहस्थ वैष्णवों की सहायता से पुष्ट मठ, मन्दिर, देवोत्तरभूमि या अतिथि-शालायें इनके अवलम्बन हैं।

इन वैष्णव सम्प्रदायों के बड़े-बड़े गोस्वामी, महन्त, गुरु और साधु-संन्यासी हरिद्वार के कुम्भ मेले में सम्मिलित हु थे। मैंने सभी की सेवा में उपस्थित होकर देश, राष्ट्र और समाज की शोचनीय दशा के प्रति दृष्टि आकर्षण करके अपनी दोनों प्रार्थनाओं को पूर्ववत् रखा था। इन्होंने भी दूसरे ढंग की भाषा का प्रयोग करके मुझको निराश कर दिया था।

उनके मनोभाव-उन सबके कहने का सारांश यह था- ''हमारे ये शरीर श्रीराम या श्रीकृष्ण के भजन के लिए हैं, दूसरे कार्य के लिए नहीं हैं। दूसरे कार्य का करना, भगवान् के स्थान में देश, समाज, राष्ट्र की सेवा करना महापाप है। मानव शरीर व्यर्थ कार्य के लिए नहीं है। महाप्रभु की सेवा और चिन्तन से मुक्ति मिलेगी, देश-समाज-राष्ट्र की वैषयिक चिन्ता से भगवद्-भक्ति ढीली हो जाएगी, मुक्ति-लाभ या गोलोकवैकुण्ठ में जाने के मार्ग में प्रबल बाधायें आ जाएंगी। मानव-जीवन इतना सस्ता नहीं है। चौरासी लाख योनियों में भ्रमण करके तब भक्ति-साधना के एकमात्र अवलम्बन=भजन के लिए शरीर मिला है। इन शरीरों को देश-समाज-राष्ट्र की भजन-विरोधी सेवा के लिए समर्पण करना बुद्धिमानों का कार्य नहीं है।''

वैष्णव-गुरुओं से निराश होकर लौटते समय मैंने केवल यह वाक्य कहा था-''जिस देश में ऐसे भक्तों की संख्या अत्यधिक है, उस देश का सर्वनाश निश्चित है[३५९]।''

वैष्णव सम्प्रदाय की शाखा-स्वरूप अन्य बहुत सम्प्रदाय हैं। मैं इन सम्प्रदायों के नेताओं से भी मिला था और सभी की सेवा में साधु-संगठन के उद्देश्य का निवेदन किया था और प्रेरणा दी थी। सभी ने ही एक जैसी निराशाजनक बातें कहीं। उन सम्प्रदायों के नाम ये हैं रामानुजी, रामाईत, कबीर-पन्थी, दादू-पन्थी, रैदासी, सेन-पन्थी, रुद्र-सम्प्रदाय, मीराबाई, तुलसीदास, विट्ठलभक्त, चैतन्य सम्प्रदाय, स्पष्टदायक सम्प्रदाय, रामवल्लभी, साहब-धर्मी, बाउल, दरवेश, आउल, कर्ताभजा, न्याड़ा, सहजिया, खुशि-विश्वासी, गौरवादी, राधावल्लभी, सखी समप्रदाय, चरणदासी, हरिश्चन्द्री, चरपन्थी, माधवीपन्थी, बैरागी, नागा और ललिता। इनमें बंगाल के वैष्णव सम्प्रदाय अधिक हैं। इनके लिये साधु-संगठन का अर्थ समझना ही कठिन हुआ था।

कुम्भ मेले की शोभा-यात्रा

हिन्दू धर्म के विभिन्न साम्प्रदायिक रूप देखने के लिये मैंने कुम्भ मेले के स्नान-यात्रियों की शोभा-यात्रा को देखा था। उसका स्वरूप निम्न प्रकार का था-

दिग्विजय डंका- शंकराचार्य के लिये जय ध्वनि, एक नागा संन्यासी घोड़े पर सवार होकर दो नगाड़े पीटते हुए जाता है।

दिग्विजय का झण्डा- शंकारचार्य की विजय-पताका लेकर एक नागा संन्यासी गेरु पताका लेकर घोड़े पर सवार होकर जाता है।

कसरत- नागा संन्यासी लोग पदातिक और अश्वारोही सैन्यों के रूप में युद्धभूमि में जाने के ढंग से अग्रसर होते हैं।

निदर्शन- भिन्न-भिन्न सम्प्रदायों के और अखाड़ों के पताका-प्रदर्शन।

ऐक्यतान वादन- युद्ध कालीन समवेत वाद्यध्वनि।

गैरिक पताका- हाथी के ऊपर बैठे हु सन्यासी के हाथों में त्याग के प्रतीक अति बृहत् गैरिक पताका की धारणा।

विजय पताका- युद्ध में जय लाभ का निदर्शन हाथी के ऊपर जरीदार मखमल की बड़ी नीले रंग की पताका।

दण्डधारी- नागा संन्यासियों की सोने-चांदी से मण्डित दण्डों को धारण करके विजय-गौरव के ढंग से अग्रगति।

धूनाधारी- युद्ध कालीन उत्साह-व्यंजक धूप-धूना के साथ अग्रगति।

बल्लम पूजा - बल्लमों (भालों) से शत्रु-जय, बाद में बल्लमों की पूजा। भारतवर्ष के हजारों लाखों नर-नारियों के सम्मुख त्यागी नागा साधु-संन्यासियों का विजय गर्व उन्मादन के साथ सामरिक ताल से पादक्षेप बहुत ही विस्मय के कारण हैं।

"पराधीन भारत में भी इतना हर्ष ? क्या ये लोग भूल गए हैं कि हमारी मातृ-भूमि विदेशियों के हाथों में परतन्त्र है और पितृ-पुरुषों का धर्म विदेशियों से पद-दलित है ? क्या इन लोगों को मालूम नहीं है कि विदेशी राहु ने हमारी देश-जननी को ग्रास कर लिया है और अब सर्वग्रास के लिए तैयार हो गया है ? क्या इन लोगों को मालूम नहीं है कि देश में अदूर भविष्य में जो क्रान्ति आने वाली है, उसमें मात्र एक हजार साधु-संन्यासी त्यागी-महात्मा भी भाग लें और अपने-अपने जीवनों की आहुतियों के रूप में अर्पण कर दें तो देश सर्वनाश से बच जाए ?" मैंने दृढ़ निश्चय कर लिया कि जब तक कुम्भ मेला चलता रहेगा, मैं देश, जाति, धर्म-रक्षा के लिये मुख्य-मुख्य सब ही को प्रेरणा दूँगा। इन सबको संगठित रूप से मातृ-भूमि की सेवा और रक्षा के लिए सदा तैयार रहने के लिए अनुरोध करूँगा[३६९]। गृहस्थ नर-नारी और भिन्न-भिन्न राजपुरुषों का भी यहाँ आगमन हुआ है। इन्हें भी इस कार्य में सहयोग देने के लिए अनुरोध करूँगा और इसके बाद योग-सिद्ध साधकों के सन्धान के लिए हिमालय और तिब्बत में भ्रमण करूँगा।

कुम्भ मेले की भीड़-भाड़ में निराशा- कुम्भ स्नान के लिए बहुत पहले ही हजारों-हजार तीर्थयात्री हरिद्वार पहुंच गए थे। भीड़ से बचने के लिए मैंने चण्डी पहाड़ पर आश्रय लिया था। हरिद्वार आने के बाद मुझे हिन्दू जगत् के विभिन्न सम्प्रदायों की स्थिति और जनता के सम्बन्ध में प्रत्यक्ष अनुभव हुआ था। मैं यथासाध्य प्रधान-प्रधान सभी सम्प्रदायों से मिला था और उनके गुरुओं और मुख्य पुरुषों के साथ बात-चीत की थी। मेरा उद्देश्य था-स्वदेश और स्वधर्म की रक्षा के लिए उनके भीतर उत्साह पैदा करना, परस्पर विरोधी सम्प्रदायों के साधुओं को संगठित करके उस उत्साह को क्रियात्मक रूप में परिणत करना। परन्तु उन्होंने मुझे अपने उद्देश्य से भ्रष्ट करने का ही प्रयत्न किया, जिससे विभिन्न सम्प्रदायों के गुरुओं से मैं निराश हुआ था[३६०]।

निराशा में आशा- बहुत सम्प्रदायों के नेता मेरे उद्देश्यों के विरोधी बनकर मेरे विरुद्ध घूम-घूमकर प्रचार करने लगे थे और मेरे रहने के स्थान पर आकर मेरे ऊपर आक्रमण और अत्याचार के लिए जनता को भड़काने लगे थे। इसका सुफल यह हुआ कि साधु-संन्यासी, यति और गृहस्थ तीर्थ-यात्री मुझ जैसे पाखण्डी को देखने के लिए कौतूहली होकर चण्डी पहाड़ पर आने लगे। धीरे-धीरे दिन-प्रतिदिन मेरे दर्शनार्थी तीर्थ-यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी। दर्शनार्थी तीर्थ- यात्रियों के सम्मुख खड़े होकर मैंने प्रतिदिन प्रातः और मध्याह्नः में स्वदेश और स्वधर्म की रक्षार्थ उपदेश देना प्रारम्भ कर दिया। मेरे जीवन में जनता के सम्मुख व्याख्यान देने का सूत्रपात यहीं से हुआ था। सभी पुरुष-स्त्री खड़े होकर उपदेश सुनकर चले जाते थे। सरकारी कर्मचारी और शान्ति-रक्षक भी वहाँ आया-जाया करते थे। इससे मेरे लिए दो समस्यायें भी उत्पन्न हो गयीं थीं। एक तो यह कि जनता मुझे प्रणाम करने लगी और दूसरी यह कि वह पैसे भी भेंट में देने लगी थी।

मैंने कई-एक बार हाथ जोड़कर प्रार्थना की- "मुझको ये दोनों ही नहीं चाहिए। मेरे भोजन के लिए प्रतिदिन स्वल्प वस्तु की आवश्यकता होती है और पैसे की तो बिल्कुल ही आवश्यकता नहीं है। मुझे प्रणाम भी नहीं चाहिए। मैं एक मामूली संन्यासी हूं।" परन्तु मेरी इस प्रार्थना को जनता में से किसी ने भी नहीं सुना।

एक सज्जन ने कहा- "हम लोग आपको कुछ नहीं देते और आपको प्रणाम भी नहीं करते। अपने प्राचीन ऋषि-मुनि और पूर्वजों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हैं, इसके सिवाय और कुछ नहीं। जो कुछ पैसे आपकी भेंट के लिए दिए जाते हैं, इसको भी रोकना नहीं चाहिए। यह भी हमारी जाति का अन्यतम सद्गुण है। यह भी प्राचीन धर्म-गुरुओं के प्रति श्रद्धा का प्रदर्शन मात्र है। आप इसको जहाँ चाहें, व्यय कर देना।" इस बात पर मैं निरुत्तर और मौन हो गया था।

राजा गोविन्दनाथ राय- गोविन्दनाथ राय उत्तरी बंगाल में नाटोर की प्रसिद्ध रानी भवानी के वंशज हैं। यह रानी सिराजुद्दौला के शासनकाल तक आधे बंगाल की शासन-कर्त्री थी, परन्तु अंग्रेजों ने धीरे-धीरे सब ही राज्य ग्रास कर लिया था जिससे ये लोग असहाय बन गए थे। अब ये लोग जमींदार मात्र हैं। राजा गोविन्दनाथ राय कुम्भ-स्नान के लिए हरिद्वार आए थे। आप अचानक रात्रि की शान्त, नीरव और निर्जन स्थिति में चार कर्मचारियों के साथ मशाल हाथ में लेकर मेरे पास आकर प्रणिपात करके बैठ गए और योग-विद्या के बारे में उपदेश माँगा। मैंने उनको उपदेश दे दिया और उन्होंने विदा-बेला में मेरे सम्मुख ग्यारह सौ एक रुपये की थैली भेंट के रूप में रख दी थी। मैंने समझाया कि मेरे लिए यह रुपया हानिकारक हो जाएगा। मेरे लिए यहां कुछ भी अभाव नहीं है परन्तु उन्होंने रुपया वापस नहीं लिया बल्कि प्रयोजनानुसार कुछ और गुरु-दक्षिणा के रूप में देने के लिए कहा था। उन्होंने सुना था कि मैं तिब्बत जाने के लिए विचार रखता हूं, जिससे उन्होंने मुझसे कहा कि "तिब्बत जाना अति कठिन और खतरनाक है। आप कभी उत्तर बंगाल में मेरे स्थान नाटोर तक आने की कृपा करें। हम आपके साथ अपने विश्वस्त किसी एक पहाड़ी व्यक्ति को संगी और साथी के रूप में कर देंगे।" परन्तु मेरा संकल्प था- काश्मीर जाकर हिमालय में भ्रमण करने का, फिर ल्हासा होकर दार्जिलिंग तक आने का और सम्भव हो तो गंगासागर भी जाने का। इसलिए इस संकल्प को ही मैंने दृढ़तर कर लिया था।

रानी लक्ष्मी बाई और गंगा बाई- एक-दो दिन के बाद ही झांसी की रानी लक्ष्मीबाई और उनकी सहचरी गंगाबाई ने तीन कर्मचारियों के साथ वहाँ आकर प्रणिपात किया। परिचय पूछने पर लक्ष्मीबाई आँखों में आँसू भरकर ओजस्विनी वाणी में कहने लगी-"मैं निःसन्तान और विधवा हूँ। मेरे पतिदेव की मृत्यु के बाद मेरे श्वसुर-कुल के वैध राज्य को अंग्रेजों का अधिकार बन गया। सुनते हैं कि अंग्रेज सेनापति बहुत अधिक संख्या में फौज लेकर मेरी झांसी को छीनने के लिए आ जाएगा।"

आँखों से आँसू बहाती हुई झांसी की महारानी ने कहा- "महात्मा जी ! मैं जिन्दा रहती हुई अपने श्वसुर-कुल के इस राज्य

को दुश्मनों को नहीं दूंगी । मैं लड़ाई करती हुई मर जाऊँगी, लेकिन झाँसी को चुपचाप लुटेरे डाकुओं को नहीं दूंगी । मेरे लिए इस प्रकार के मरण को वरण करना ही कल्याणकर है । आप मुझे आशीर्वाद दीजिए कि मैं हँसती हुई युद्ध में मर जाऊँ[३६१]।''

लगभग बीस वर्ष की एक तरुणी[३६२] के मुख से ऐसी बातें सुनकर मेरी समझ में आ गया कि भारतवर्ष में अभी तक भी वीर रमणियां मौजूद हैं, भारत वीर-शून्य नहीं है । रानी से मैंने कहा कि ''नश्वर शरीर को कोई भी स्थायी नहीं कर सकता है । स्वदेश और स्वधर्म की रक्षा के लिए जा अपने अस्थायी शरीर को दे देते हैं, वे कभी नहीं मरते । चिरकाल के लिए वे पूजा पाएंगे । हम भगवान् से आपके लिए शुभ और कल्याम की प्रार्थना करते हैं ।''

उन्होंने भी एक हजार एक रुपया मेरे सम्मुख रखकर सम्मान दिखाया । नाटोर के राजा से जैसा मैंने कहा था, उन्हें भी वैसा ही कहकर रुपये लेने से असहमति प्रकट की, लेकिन इन्होंने भी नहीं माना । इस समस्या से मुक्त होने के लिए मैंने भगवान् से प्रार्थना भी की थी, परन्तु जनता ने सुनी नहीं । सभी अपनी-अपनी सामर्थ्यानुसार रुपये-पैसे देने लगे थे । इनका सदुपयोग कैसे हो, मैं यही सोचने लगा । वे चली गई।

नाना साहब आदि का पुनरागमन- नाना साहब और नये अपरिचित तीन-चार सज्जन सात-आठ दिन के बाद फिर हमसे मिलने के लिए आए थे । ये सब कर्मशील और व्यस्त थे ।

नाना साहब ने कहा- ''हम लोग सारे भारतवर्ष में भ्रमण के लिए भिन्न-भिन्न दिशाओं में चले जायेंगे । अतिशीघ्र निर्दिष्ट तिथि में हम लोग चुने हुए स्थानों में सुस्पष्ट विद्रोह का युद्ध आरम्भ कर देंगे । तिथि अब तक ठीक नहीं हुई है । संगठन में हम लगे हुए हैं । आपसे आशीर्वाद लेने के लिए हम यहाँ आये हैं । हम जहाँ भी रहेंगे, आपको यथासम्भव सूचित करते रहेंगे ।''

मैंने कहा- ''जो आशीर्वाद मैं आप लोगों को दूँगा, आप लोग उसको अवश्य लेंगे- इसका ठीक-ठीक आश्वासन दीजिए । आशीर्वाद मैं अवश्य दूँगा ।''

उन्होंने कहा- ''आपका आशीर्वाद हमारे लिए शिरोधार्य है ।''

मैंने राजा गोविन्दनाथ राय और रानी लक्ष्मीबाई द्वारा प्रदत्त रुपये और जनसाधारण द्वारा प्रदत्त फुटकर पाँच सौ तैंतीस रुपये कुल छब्बीस सौ पैंतीस रुपये नाना साहब के हाथ में स्वदेश रक्षा के लिए दे दिए । इन्हें उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया ।

तब हमने कहा कि- ''जनसाधारण का नेतृत्व करना और आग लेकर खेल करना - ये दोनों ही खतरनाक हैं । साधारण सी भूल से भी सर्वनाश हो जाता है । हमारे पास भेंट के रूप में जो कुछ एकत्र हो जाएगा, सब कुछ आपके पास स्वदेश-रक्षा के लिए ही आशीर्वाद के रूप में भेजते रहेंगे ।''

फिर ये लोग प्रसन्न होकर चले गए । मैं भी हिमालय में योगी और साधकों को ढूंढ़ने की तैयारी में लग गया ।

क्रियात्मक रूप से योग साधना- हरिद्वार में कुम्भ मेले के बाहर निर्जन जंगल और पहाड़ी अंचलों में मैं मुख्य-मुख्य स्थानों में अधिकांश समय योग-साधना में बिताता था । इस उपलक्ष्य में मैंने पाँच योग-साधकों के संग में आने का सुयोग-लाभ किया था । उनका क्रियात्मक योग देखा । इनके नाम थे-स्वामी मोक्षानन्द तीर्थ, चिदानन्द ब्रह्मप्रकाश आरण्य, स्वामी दिव्यानन्द तीर्थ, स्वामी भक्तिविलास पांचरात्र और स्वामी निर्वाणानन्द पुरी । इनके प्रति मैं कृतज्ञ हूँ । इन्होंने मुझे क्रियात्मक रूप से योग-साधना के बारे में बहुत कुछ उपदेश भी दिया था ।

साधु जनता में जागृति- नाना साहब और रानी लक्ष्मी बाई के प्रचार के कारण साधु लोग मेरे साथ बार्तालाप की इच्छा से एक-एक करके सैकड़ों की संख्या में शंका-समाधान के लिए आने लगे । स्वधर्म-रक्षा के लिए विहित कार्यक्रम जानने के लिए भी वे लोग आते थे । मैंने सबसे ही अनुरोध किया था-

''आप लोग अपने-अपने सम्प्रदायों के अन्तर्भुक्त रहकर ही स्वधर्म-रक्षा के लिए तैयार हो जाइये । जनसाधारण के अन्दर धर्म-रक्षा के लिए नया उत्साह उत्पन्न कीजिये । धर्म हमारे पूर्वजों की और ऋषि-मुनियों की कीर्ति और दान है । अहिन्दू नर-नारियों के प्रभाव से जाति और धर्म को और कतिपय विदेशी पादरी या मौलवियों की धोखेबाजी से ऋषियों के वंशजों को बचाइये । धर्म की प्राथमिक शिक्षा के प्रथम पाठ का जनसाधारण में प्रचार कीजिये । प्रयोजनानुसार धर्म-रक्षा के लिए और जाति के कल्याणार्थ जीवन दे देना परम पुण्य कार्य है । जगह-जगह धर्म-प्रचार के लिए केन्द्रों की स्थापना कीजिये । साधुओं के जीवन में दोनों ही पुण्य कार्य हैं । प्रथम-एकान्त जीवन में आत्मिक उन्नति के लिए योग-साधना करना और दूसरा-सामूहिक जीवन के उत्कर्ष के लिए वेद-प्रतिपादित धर्म का प्रचार करना । इन दोनों में ही हमारा पारमार्थिक कल्याण निहित है । आप लोग इन केन्द्रों के अधीन रहकर संगठित हो जाइये । स्वदेश हमारी माता है और स्वधर्म हमारा पिता है । दोनों की रक्षा के लिए तत्पर रहिये और स्वेच्छा से जो साधु लोग इस व्रत को धारण करें उनके नामों की तालिका बनाते रहिये ।''

साधु लोगों ने कहा-''हम लोगों ने आपसे प्रेरणा पाते ही अपनी इच्छा से पहले ही लगभग ढाई सौ साधुओं के नामों की तालिका बना ली है । आप जब चाहेंगे, ये लोग एक साथ स्वदेश-रक्षा के लिये जुट जायेंगे ।''

मैंने कहा- ''उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम भारत में जितने सैन्यावास मौजूद हैं, वहां सुविधा के अनुसार कमलपुष्प और चपाती की बहु प्राचीन पद्धति से सैन्य और नागरिकों के अन्दर स्वदेश और स्वधर्म की रक्षा के लिए प्रेरणा और जागृति पैदा कर देना आवश्यक है ।'' तब वे लोग मेरी बातें शिरोधार्य करके चल दिये और बोले कि सबके साथ सम्बन्ध रखकर ही चलेंगे ।

मैने केवल इंगित से बोल दिया था कि ''उत्तर भारत में मेरठ की ओर, पूर्व भारत में बैरकपुर की ओर और दक्षिण भारत में वेल्लोर की ओर अवश्य जाना चाहिये । केवल आप लोग दिल्ली के योगमाया मन्दिर के पुरोहित त्रिशूल बाबा से सम्पर्क रखियेगा । वहाँ से नियमित समाचार मिलेगा और आप लोगों के समाचार भी हमको वहाँ से अवश्य मिलने चाहिये[३६३]।''

युद्ध समस्या का समाधान नहीं

-स्वामी अग्निवेश

जम्मू-कश्मीर के उरी क्षेत्र में सेना के शिविर पर हुए आतंकी हमले का जवाब देने के लिए भारत ने कूटनीतिक प्रयास से पाकिस्तान को अलगृथलग तो कर ही दिया, सर्जिकल स्ट्राइक से वहां चल रहे छह आतंकी शिविरों के अड़तीस आतंकियों को भी मार गिराया । बांग्लादेश, भूटान, अफगानिस्तान के इस्लामाबाद जाने से इनकार करने पर पाकिस्तान में होने वाला सार्क सम्मेलन भी रद्द हो गया है । सिंधु जल समझौते पर हमारी सख्ती से पाक पहले ही सहमा हुआ था । राजस्थान सीमा पर सेना की बंदोबस्ती उसकी बौखलाइट को दर्शा रही है । पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकी को तवज्जो न देते हुए भारत ने आतंकियों के खिलाफ मोर्चा खोल कर अपना रुख चाहिर कर दिया है । सीमा से दस किलोमीटर तक की जगह खाली करने का निर्देश जवाबी हमले की दृष्टि से उठाया गया कदम प्रतीत हो रहा है । सर्वदलीय बैठक के बाद विपक्ष का सरकार का साथ देना, सेना को हाई अलर्ट करना, पश्चिमी कमान के साथ ही अस्पताल कर्मियों की छुट्टियां रह करना युद्ध के संकेत दे रहा है ।

ऐसे में प्रश्न है कि क्या युद्ध एकमात्र विकल्प बचा है । क्या इससे आतंकवाद की समस्या दूर हो जाएगी ? हमारी प्राथमिकता युद्ध नहीं, आतंकवाद को समाप्त करना है और इस मामले में पाकिस्तान हमसे ज्यादा त्रस्त है । कभी स्कूलों पर, तो कभी धार्मिक स्थलों पर और कभी मीड़भाड़ वाले स्थानों पर आतंकी हमले होना वहां पर आम बात है । यह भी सर्वविदित है कि पाक की जनता वहां की सरकार से ज्यादा सेना पर विश्वास करती है । ये सब झेलना पाक सरकार की मजबूरी है । ऐसे में जरूरत है कि आपस में उलझने के बजाय भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान संयुक्त कमान बना कर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ें । सार्क देशों को भी इसमें शामिल कर लिया जाए तो और बेहतर होगा । पाकिस्तान को यह समझना होगा कि भारत ने पाकिस्तान की सीमा में नहीं बल्कि पीओके में कार्रवाई की, जो उसका है ।

पाकिस्तान से युद्ध होने के बाद हमारे सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में भी सोचना होगा । यह युद्ध पाकिस्तान-भारत तक सीमित नहीं रहेगा । कई देश इस पर राजनीति करने को तैयार बैठे हैं । भले आज कई देश भारत के साथ खड़े दिख रहे हैं, पर युद्ध की स्थिति में यूरोपीय देशों के अलावा अरब देशों के पलटी मारने का अंदेशा है । क्या हमारी आतंरिक सुरक्षा इतनी सुदृढ़ है कि हम हर स्तर पर मामले को संभाल लेंगे । अगर है तो पठानकोट के बाद उरी में इतना बड़ा आतंकी हमला कैसे हो गया ? हमारी खुफिया एजेंसियां क्या कर रही थीं ? सेना ऐसे कैसे लापरवाह बनी रही कि आतंकियों ने हमले को इस तरह अंजाम दिया । कैसे वे बार-बार हमारी सीमा में घुस जाते हैं । वह भी तब जब क्षेत्र में हाई अलर्ट घोषित हो ।

सवाल यह भी है कि शिविर में आग कैसे लगी, इसकी पुख्ता पुष्टि अभी तक नहीं हुई है । निश्चित रूप से सेना की जवाबी कार्रवाई सराहनीय है, पर सेना में भी भ्रष्टाचार की बातें सामने आती रही हैं । आज के हालात में हर पहलू पर गौर करने की जरूरत है । जरूरत इस बात की सबसे ज्यादा है कि आतंकवाद की जड़ें कहां तक फैली हैं ? कौन इसका जन्मदाता है ? पाकिस्तान और भारत के मनमुटाव का फायदा कौन उठा रहा है ? इन दोनों देशों के झगड़े का फायदा किसे मिलेगा । दरअसल, अमेरिका ने अपने स्वार्थ के लिए आतंकवाद को जन्म दिया और इसकी आग में अपने हथियार बेचने लगा । इसमें दो राय नहीं कि पाकिस्तान में आतंकियों के जमावड़े के चलते हमारे देश में समय-समय पर आतंकी हमले हुए हैं । सेना और पारिस्तान की खुफिया एजेंसी भी आतंकियों को बढावा देती हैं, पर क्या पाकिस्तान की जनता इससे प्रभावित नहीं ? वहां पर भी कभी मासूम बच्चे, तो कभी सेना के जवान और कभी आम नागरिक आतंकी हमले में मर रहे हैं । कहना गलत न होगा कि हमारे देश से ज्यादा आतंकी हमले पाकिस्तानी अवाम झेल रहे हैं । तो ऐसे में पाक सरकार के साथ वहां के लोगों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए हमें आगे बढने की जरूरत है । कहीं पाकिस्तान से युद्ध के चक्कर में हम जनता की परेशानियों और जरूरतों को न भूल जाएं । पाक के लोग भी हमारे ही हैं । जब विभिन्न समस्याओं से जूझते-जूझते देश का किसान आत्महत्या कर रहा हो, मजदूर के पास काम न हो, महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर हो, ऐसे में राफेल लड़ाकू विमान की उनसठ हजार करोड़ रुपए की डील की सहमति क्या साबित कर रही है ? युद्ध असली रूप लेता है तो और अन्य सौदे भी होंगे । स्वाभाविक है कि हथियारों पर बड़ बजड बनेगा । आज जरूरत इस बात को समझने की है कि खेलने-कूदने की उम्र में बच्चे कैसे आतंकवादी बन जा रहै हैं ? कैसे मजबूरी का फायदा उठा कर आतंकी संगठन इन बच्चों का इस्तेमाल कर रहे हैं ।

दरअसल, आतंकी संगठन अपने नापाक मकसद के लिए गरीब, भटके नौजवानों को बरगला कर आतंकी दुनिया में धकेल रहे हैं । ऐसा नहीं कि यह खेल पाकिस्तान में ही चल रहा हो । हमारा देश भी इससे वंचित नहीं है । यहां पर भी इसी तरह बेरोजगारी, गरीबी और हालात का फायदा उठाते हुए युवाओं को गलत रास्ते पर ले जाया जा रहा है । बीचृबीच में

शेष पृष्ठ १२ पर...

शिक्षा में भी मुनाफाखोरी

-जावेद अनीस

पिछले दिनों गुड़गांव में प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले एक बच्चे के अभभिावक ने आरोप लगाया कि फीस न देने पर उनके बच्चे को स्कूल में तीन घंटे तक धूप में खड़ा रखा गया, इस दौरान बच्चे की हालत इतनी बिगड़ गई कि उसे अस्पताल में भर्ती करना पड़ा । इससे बच्चा इतना डर गया कि उसने स्कूल जाने से ही मना कर दिया । दूसरी घटना इंदौर की है, वहां के पैरंट्स एसोसिएशन सदस्य निजी स्कूलों में मनमानी फीस बढ़ोतरी की शिकायत लेकर अपने सांसद सुमित्रा महाजन के पास गए तो इस पर सुमित्रा महाजन ने अभिभावकों की मदद करने के बजाय उलटे यह नसीहत देती हुई नजर आईं कि अगर वे निजी स्कूलों की फीस नहीं भर पा रहे हैं तो अपने बच्चों का एडमिशन सरकारी स्कूल में करवा दें । उपरोक्त दोनों घटनाओं से अंदाजा लगाया जा सकता है कि हम किस जाल में फंस चुके हैं । यह त्रासदियां हमारे मौजूदा शिक्षा व्यवस्था की हकीकत बयान करती हैं, जिसे धंधे और मुनाफाखोरी की मानसिकता ने यहां तक पहुंचा दिया है । आज शिक्षा एक व्यवसाय बन गया है, जिसका मूल मकसद शिक्षा नहीं बल्कि ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाना है । शिक्षा के बाजारीकरण का असर लगातार व्यापक हुआ है, अब शहर ही नहीं दूरदराज के गांव में भी प्राइवेट स्कूल देखने को मिल जाएंगे । पिछले वर्षों के दौरान देशभर के सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या लगातार घटती जा रही है, वहीं प्राइवेट स्कूलों की संख्या में जबरदस्त इजाफा देखा जा रहा है । राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन यानी एनएसएसओ के आंकडों के मुताबिक, २००७-०८ में ७२.६ प्रतिशत छात्र सरकारी प्राथमिक स्कूलों पढ़ते थे, जबकि २०१४ में इनकी संख्या घटकर ६२ प्रतिशत हो गई । इसी तरह उच्च प्राथमिक सरकारी स्कूलों में २००७-०८ में छात्रों का प्रतिशत ६९.९ था, जो २०१४ में घटकर ६६ हो गया । यह आंकड़ा निजी स्कूलों की ओर बढ़ते रुझान का संकेत कर रहा है । ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि भारतीयों में पढ़ाई के प्रति पहले से ज्यादा जागरूकता आई है । अब वे अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं और इसके लिए अपनी जेब भी ढीली करने को तैयार हैं । आज न केवल मध्यवर्ग, बल्कि सामान्य अभिभावक भी अपने बच्चों की शिक्षा के लिए प्राइवेट स्कूलों को प्राथमिकता देने लगा है और अपने सामर्थ्य अनुसार वह इसकी फीस चुकाने को तैयार है । दरअसल, पिछले कुछ दशकों से इस बात को बहुत ही सुनियोजित तरीके से स्थापित करने का प्रयास किया गया है कि सरकारी स्कूल तो नाकारा हैं । अगर अच्छी शिक्षा लेनी है तो प्राइवेट की तरफ जाना होगा । जब जबकि सरकारी स्कूल को मजबूरी के विकल्प बना दिए गए हैं, उन्हें इस लायक नहीं छोड़ा गया है कि वे उभरते भारत की शैक्षणिक जरूरतों को पूरा कर सकें । इन परिस्थितियों ने भारत में स्कूल खोलने और चलाने को एक बड़े उद्योग के रूप में विकासित किया है और इसका लगातार विस्तार हो रहा है । इसलिए हम देखते हैं कि एक तरफ तो गांव-गली में एक और दो कमरों में चलने वाले स्कूल खुल रहे हैं तो दूसरी तरफ इंटरनेशनल स्कूलों का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है । एक अनुमान के मुताबिक, आज हमारे देश में ६०० से ज्यादा इंटरनेशनल स्कूल चल रहे हैं । हमारे देश का नवधनाढ्य तबका इन स्कूलों में अपने बच्चों को बढ़ाने के लिए मुंहमांगी फीस देने को तैयार है । यह चलन हमारे देश में पहले से ही शिक्षा की खाई को और चौड़ा कर रहा है । बहुत ही बारीकी से शिक्षा जैसे बुनियादी जरूरत को एक कमोडिटी बना दिया गया है, जहां आप अपने सामर्थ्य के अनुसार बच्चों के लिए शिक्षा खरीद सकते हैं, यह विकल्प हजारों से लेकर लाखों रुपए तक का है । सरकारी स्कूलों की उपेक्षा और प्राइवेट स्कूलों की लगातार बढ़ती फीस ने अभिभावकों के लिए इस समस्या को और गंभीर बना दिया है । आज किसी साधारण माता-पिता के लिए अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना बहुत मुश्किल साबित हो रहा है । व्यापारिक संगठन एसोचैम द्वारा जारी एक अध्ययन के अनुसार, बीते दस वर्षों के दौरान निजी स्कूलों की फीस में लगभग १५० फीसदी बढ़ोतरी हुई है । आज लखनऊ, भोपाल, पटना, रायपुर जैसे मझोले शहरों में किसी ठीक-ठाक प्राइवेट स्कूल की प्राथमिक कक्षाओं की औसत फीस एक हजार से लेक ६ हजार रुपए प्रति माह है । इसके अलावा अभिभावकों को प्रवेश शुल्क परीक्षा/टेस्ट शुल्क, गतिविधि शुल्क, प्रोसेसिंग फीस, रजिस्ट्रेशन फीस, एलुमिनि फंड, कंप्यूटर फीस, बिल्डिंग फंड, कॉशन मनी, एनुअल तथा बस फीस जैसे कई तरह के शुल्क हैं, जो वसूले जाते हैं । एक अनुमान के मुताबिक, मासिक फीस के अलावा तमाम तरह के शुल्क के नाम पर अभिभावकों के अलावा तमाम तरह के शुल्क के नाम पर अभिभावकों को ३० हजार से लेकर सवा लाख रुपए तक चुकाना पड़ता है । इसके अतिरिक्त बच्चों की ड्रेस, किताब-कापियां और स्टेशनरी पर भी अच्छा-खासा खर्च करना होता है । निजी स्कूल की मनमानी इस हद तक है कि एडमिशन के समय अभिभावकों को बुक स्टोर्स और यूनिफार्म की दुकान का विजिटिंग कार्ड देकर वहीं से किताबें, यूनिफार्म और स्टेशनरी खरीदने को मजबूर किया जाता है । ये दुकानें अभिभावकों से मनमाना दाम वसूलती हैं । इसी तरह से सिलेबस को लेकर भी गोरखधंधा चलता है ।

कई स्कूल संचालक एक ही क्लास की किताब हर साल बदलते हैं, हालांकि सेलेबस वही रहता है, लेकिन इस काम में उनकी और प्रकाशकों की मिलीभगत होती है, इसलिए एक प्रकाशक किताब में जो चैप्टर आगे रहता है, दूसरा उसे बीच में कर देता है । इन सबके बावजूद ज्यादातर सूबों में निजी स्कूलों में फीस के निर्धारण के लिए फीस नियामक नहीं बने हैं या सिर्फ कागजों में हैं । निजी स्कूलों में कितनी फीस वृद्धि हो या कितनी फीस रखी जो, इस संबंध में कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं हैं और जहां हैं, वहां भी इसका पालन नहीं किया जा रहा है । इसलिए कई स्कूल से हर साल अपने फीस में १० से २० फीसदी तक की वृद्धि कर देते हैं । लंबे-चौड़े दावों के बावजूद ज्यादातर निजी स्कूल शिक्षा प्रणाली के मानक नियमों को ताक पर रखकर चलाए जा रहे हैं । अधिकतर निजी स्कूल ऐसे हैं, जो एक या दो कमरों में संचालित हैं, यहां पढ़ाने वाले शिक्षक पर्याप्त योग्यता नहीं रखते हैं । शिक्षा का अधिकार यानी आरटीई कानून

प्राइवेट स्कलों को अपने यहां २५ प्रतिशत गरीब बच्चों को दाखिला देने के लिए बाध्य करता है, साथ ही यह शर्त रखता है कि अगर आपको स्कूल खोलना है तो अधोसंरचना आदि को लेकर कुछ न्यूनतम शर्तों को पूरा करना होगा, जैसे प्राइमरी स्कूल खोलने के लिए ८०० मीटर और मिडिल स्कूल के लिए १००० मीटर जमीन की अनिवार्यता रखी गई है । यह नियम ज्यादातर प्राइवेट स्कूलों को भारी पड़ रहा है और अगर इस नियम का कड़ाई से पालन किया जाए तो लाखों की संख्या में प्राइवेट स्कूल बंद होने के कगार पर पहुंच जाएंगे । इसलिए सेंटर फॉर सिविल सोसायटी जैसे पूंजीवाद के पैरोकार समूहों द्वारा आरटीई के नियमों में ढील देने की मांग को लेकर अभियान चलाया जा रहा है । भारत में शिक्षा व्यवस्था गंभीर रूप से बीमार है, इसकी जड़ में हितों का टकराव ही है । प्राथमिक शिक्षा स लेकर कॉलेज शिक्षा तक पढ़ाई के अवसर सीमित और अत्यधिक महंगे होने के कारण आम आदमी की पहुंच से लगभग दूर होते जा रहे हैं ।

शिक्षा के इस माफिया तंत्र से निपटने के लिए साहसिक फैसले लेने की जरूरत है । हालात अभी भी नियंत्रण से बाहर नहीं हुए हैं और इसमें सुधार संभव है । करना बस इतना है कि सरकारें सरकारी स्कूलों के प्रति अपना रवैया सुधार लें, वहां, बनियादी सुविधाएं और पर्याप्त योग्य शिक्षक उपलब्ध करा दें, जिनका मूल काम पढ़ाने का ही हो तो सरकारी स्कूलों की स्थिति अछूतों जैसी नहीं रह जाएगी और वे पहले से बेहतर नजर आएंगे, हां बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी और समुदाय का विश्वास भी बनेगा। अगर सरकारी स्कूलों में सुधार होता है तो इससे शिक्षा के निजीकरण की प्रक्रिया में कमी आएगी ।

इसी तरह से बेलगाम व नियंत्रण से बाहर प्राइवेट स्कूलों पर भी कड़े नियंत्रण की जरूरत है, जिस तरह से वे हैं और लगातार अपनी फीस बढ़ाते जा रहे हैं, उससे इस बात का डर है कि कहीं शिक्षा आम लोगों की पहुंच से बाहर न चली जाए । हालत पर काबू पाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को ठोस कदम उठाने की जरूरत है । लेकिन समस्या यह है कि राजनेता और प्रभावशाली वर्ग शिक्षा के इस व्यवसाय में संलिप्त हैं, ऐसे में उनसे किसी बड़े कदम की उम्मीद कैसे की जाए ।

पृष्ठ १० का शेष....

काफी युवाओं के पाक की खुफिया एजेंसी आइएँआइ और कुख्यात आतंकी संगठन आइएस के सपर्क में होने की बातें सामने आती रहती हैं ।

सोचने की जरूरत है कि आतंक से प्रभावित कौन हो रहा है ? हर आतंकी हमले में या तो सैनिक मरते हैं या फिर निर्दोष जनता । परेशानी भी इन्हीं लोगों को होती है । आतंकी संगठनों के सरगना हों या फिर इस व्यवस्था को जन्म देने वाले राजनेता या फिर हमलों के जिम्मेदार लोग, उनका कुछ खास नहीं बिगड़ता । इस समय देश में उकसावे की प्रवृत्ति हावी है । युद्ध के मामले में बड़े स्तर पर मंथन की जरूरत है । चीन के साथ हुआ १९६२ का युद्ध, १९६५ में पाकिस्तान से हुआ युद्ध हो या फिर १९७१ का या फिर कारगिल का, इन युद्धों के जिम्मेदार लोगों का क्या बिगड़ा ? कौन मरा, कौन प्रभावित हुआ ? ताशकंद समझौते के तहत हमें पीछे हटने को मजबूत करने वाला कौन था । कारगिल में बंधक बनाए गए पाकिस्तानी सैनिकों को छुड़वाने वाला कौन था । का फैसला लेने से पहले अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलने वाले समर्थन पर भी सोचना होगा । मिलेगा तो किस हद तक। बांग्लादेश, भूटान और अफगानिस्तान ने एक तरह से भारत को समर्थन दे दिया है । चीन ने पाकिस्तान में मोटा निवेश कर रखा है, तो उसका रुख पाकिस्तान के पक्ष में होना स्वभाविक है । हां, इन हालात में चीन युद्ध कभी नहीं चाहेगा । वह भी दोनों देशों से संवाद प्रक्रिया को आगे बढाने की बात कर रहा है । आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के खास बने हुए हैं, पर क्या अमेरिका भारत का हो सकता है ? या कभी हुआ है ? अक्सर देखा गया है कि अमेरिका पाक मामले में भारत के साथ राजनीति ही करता आया है । वह भारत को आतंकी हमले के प्रति सचेत भी करता है और पाकिस्तान को हथियार भी देता है । देखना यह भी होगा कि आतंकवाद से प्रभावित पाकिस्तान तो अपना सब कुछ खो चुका है, पर भारत के पास खोने के लिए बहुत कुछ है । युद्ध होने पर आतंकवादियों का ध्यान पाक पर न रह कर भारत की ओर हो जाएगा । संयुक्त राष्ट्र महासभा में जिस तरह नवाज शरीफ ने बुरहान को हीरो के रूप में पेश किया, वह आतंकियों को खुश करने का प्रयास था। जनता और आतंकियों का रुख भारत की ओर करने के लिए नवाज शरीफ खुद माहौल को गरमाने में लगे हैं

हम लोग भले आतंकवादियों को मार कर वाहवाही लूटने का प्रयास करते हों, पर सोचने की बात है कि ये लोग तो आते ही मरने और मारने के लिए हैं । विचार करने की बात यह भी है कि इन लोगों को सैनिक शिविरों की आंतरिक जानकारी कैसे मिलती है ? क्या सुरक्षा की दृष्टि से बनाए गए हमारे तत्र भ्रष्टाचार के चलते लगातार कमजोर नहीं हो रहे हैं ? सोशल मीडिया में भले युद्ध करने के लिए अभियान चला दिया गया हो, पर क्या आज के दौर में युवाओं का सेना से मोहभंग नहीं हो रहा है? कितने माता-पिता हैं, जो अपने बच्चों को देश के लिए मरने-मिटने के लिए प्रेरित करते हैं । कितने लोग हैं, जो युद्ध के बाद उत्पन्न होनी वाली परेशानियों से बिल-बिलाएंगे नहीं । निश्चित रूप से हमारे सैनिकों की शहादत का बदला लिया जाए, पर ठंडे दिमाग से । युद्ध से पहले श्रीनगर और कश्मीर की स्थिति भी देखना जरूरी है जहां पर लंबे समय से कर्फ्यू चल रहा है और स्वाभाविक ही सेना और सरकार के प्रति वहां के लोगों में गुस्सा है । युद्ध के समय इनकी प्रतिक्रिया दिक्कत बढाने वाली होगी । इतिहास से सबक लेते हुए विश्व की उभरती दो शक्तियों- भारत और चीन को मिल कर यूरोप की राजनीति और कूटनीति को समझना होगा । यूरोप का पिछलग्गू होने के बजाय एशिया के देशों को एकजुट होना होगा । हमें समझना होगा कि अमेरिका के नाम का दबाव तो बना सकते हैं पर संबंधों के मामले में वह न कभी भारत का हुआ है और न कभी होगा ।

महर्षि दयानन्द निर्वाण दिवस पर

'ऋषि दयानन्द के बलिदान व महाप्रयाण की कारुणिक कथा'

-मनमोहन कुमार आर्य

ऋषि दयानन्द जी का जीवन गुणों व कार्यों की दृष्टि से जितना सर्वांगपूर्ण और शिक्षाप्रद है उतनी ही उनकी मृत्यु भी आदर्श है। कार्तिक अमावस्य के दिन अजमेर नगर में उनका बलिदान व महाप्रयाण हुआ। स्वामी जी को जोधपुर प्रवास में विष दिया गया था। इससे पूर्व भी अनेकों बार उन्हें विष दिया गया। पूर्व के सभी अवसरों पर वह यौगिक एवं अन्य क्रियों द्वारा विष का प्रभाव समाप्त करने में सफल रहते थे। ऋषि दयानन्द जोधपुर वहां के राजा जसवन्त सिंह व उनके अनुज महाराज प्रतापसिंह के निमंत्रण पर गये थे और वहां राज्य के अतिथि थे। विष दिये जाने के बाद वहां उनका समुचित उपचार व चिकित्सा नहीं हुई। उनकी शारीरिक स्थिति अत्यन्त निराशाजनक हो जाने पर उन्हें वहां से आबूरोड और उसके बाद आबूरोड से अजमेर लाया गया जहां उनका दीपावली **३० अक्टूबर सन् १८८३ को सायं ६.०० बजे बलिदान हुआ**। उनकी मृत्यु के दिन वृतान्त हम उनके एक जीवनीकार एवं शिष्य सत्यानन्द जी के शब्दों में वर्णन कर रहे हैं।

स्वामी सत्यानन्द जी लिखते हैं कि कार्तिक अमावस्य कृष्मा १४ को महाराज के शरीर पर नाभि तक छाले पड़ गये थे, उनका जी घबराता था, गला बैठ गया था। श्वास-प्रशवास के वेग से उनकी नस-नस हिल जाती थी। सारी देह में दाह-सी लगी हुई थी। परन्तु वे नेत्र मूंदकर ब्रह्मध्यान में वृत्ति चढ़ाये हुये थे। अजान लोग उनकी इस ध्यानावस्था को मूर्छा मान लेते थे। जब शरीर अपने व्यापार से शिथिल हो जाय और बोलने आदि की शक्ति भी मन्द पड़ जाय तो सभी सन्तजन मनोवृत्तियों को मूर्छित करके निमग्नावस्था में चले जाया करते हैं।

कार्तिक अमावस्य मंगलवार (३० अक्टूबर १८८३) दीपमाला के दिन, सबेरे, विदेशी बड़ा डाक्टर न्यूटन महाशय आया। उसने उनके रोग-भोग की अवस्था देखकर आश्चर्य से कहा कि ये बड़े साहसिक और सहनशील हैं। उनकी नस-नस और रोम-रोम में रोग का विषैला कीड़ा घुसकर कुलबुलाहट कर रहा है परन्तु वे प्रशान्तचित हैं। इनके तन पिंजर को महाव्याधि की ज्वाला-जलन जलाये चली जाती है जिसे दूर से देखते ही कंपकंपी छूटने लगती है। पर ये हैं कि चुपचाप चारपाई पर पड़े हैं। हिलते-डुलते तक नहीं। रोग मेंजीते रहना इन्हीं का काम है। भक्त लक्ष्मणदास ने उनसे कहा कि महाशय ये महापुरुष स्वामी दयानन्द जी हैं।

यह सुनकर डॉक्टर महाशय को अत्यधिक शोक हुआ। महाराज ने उस बड़े वैद्य के प्रश्नों का उत्तर संकेतमात्र से दिया। एक मुसलमान वैद्य, पीरजी, बड़े प्रसिद्ध थे। वे भी उनको देखने आये। उन्होंने आते ही कह दिया **'उनको किसी ने कुलकण्टक विष देकर अपनी आत्मा को कालख लगाई है। इनकी देह पर सारे चिन्ह विष-प्रयोग-जन्य दिखाई देते हैं।'** पीर जी ने भी महाराज का सहन सामर्थ्य देख दांतों में उगली दबाते हुए कहा, धैर्य का ऐसा धनी, धरणी-तल पर हमने दूसरा नहीं देखा। इस प्रकार राजवैद्यों और भक्जनों के आते जाते दिन के ग्यारह बजने लगे। रोगी का सांस अधिक फूलने लगा। वे हाँफते तो बहुत थे परन्तु बोलने की शक्ति कुछ लौट आई थी। उनका कण्ठ खुल गया था। इससे प्रेमियों के मुखमण्डों पर प्रसन्नता की रेखा खेलने लगी। परन्तु पीछे जाकर उन्हें पता चला कि वह तो दीपक-निर्वाण की अन्तिम प्रदीप्ति थी। सूर्यास्त का उजेला था। महाराज ने उस समय सौच होने की इच्छा प्रकट की। चार भक्तों ने उन्हें हाथों पर उठाकर शौच होने की चैकी पर बिठा दिया। निवृत्त होकर वे फिर भली भांति शुद्ध हुए और आसन पर विराजमान हुए।

उस समय स्वामी जी ने कहा कि आज इच्छानुकूल भोजन बनाइए। भक्तों ने समझा कि भगवान आज अपेक्षाकृत कुछ स्वस्थ हैं, इसलिए अन्न ग्रहण करना चाहते हैं। ये थाल लगाकर श्री महाराज के सामने ले गये। स्वामी जी ने टुक देखकर कहा कि अच्छा, इसे ले जाइए। अन्त में प्रेमियों की प्रार्थना पर उन्होंने चनों के झोल का एक चमचा ले लिया फिर हाथ मुंह धोकर भक्तों के सहारे वे पलंग पर आ गये। शरीर की वेदना वराबर ज्यों की त्यों बनी हुई थी। श्वास रोग का उपद्रव पूरे प्रकोप पर पहुंच चुका था। पर वे शिष्य-मण्डली से वार्तालाप करते और कहते थे कि एक मास के अनन्तर आज स्वास्थ्य कुछ ठीक हुआ है। बीच-बीच में जब वेदना का वेग कुछ तीव्र हो जाता तो वे आंखे बन्दकर मौन हो जाते। उस समय उनकी वृत्ति स्थूल शरीर का सम्बन्ध छोड़ देती- आत्माकारता को लाभ कर लेती।

इसी प्रकार पल विपल बीतते सांझ के चार बजने को आये। भगवान ने नाई को बुलाकर क्षौर करने को कहा। लोगों ने निवेदन किया कि भगवान् उस्तरा न फिराइए। छालें फुंसियां कटकर लहू बहने लगेगा, परन्तु उन्होंने कहा कि इसकी कोई चिन्ता नहीं है। क्षौर कराकर उन्होंने नख उतरवाए। फिर गीले तौलिये से सिर को पोंछकर सिहारने के सहारे पलंग पर बैठ गये। उस समय श्री महाराज ने आत्मानन्द जी को प्रेम से आहूत किया। जब आत्मानन्द जी को प्रेम से आहूत किया। जब आत्मानन्द जी हाथ जोड़कर सामने आ खड़े हुए तो कहा- वत्स, मेरे पीछे बैठ जाओ। गुरुदेव का आदेश पाकर वे सिराहने की ओर, तकिये के पास प्रभु की पीठ थामकर विनय से बैठ गये।

महाराज ने अतीव वत्सलता से कहा- वत्स, आत्मानन्द, आप इस समय क्या चाहते हैं ? महाराज ने वचन सुनकर आत्मानन्द जी

का हृदय भर आया । उनकी आंखों से एकोक आंसुओं की लड़ी टूट पड़ी । गद्‌कद् गले से आत्मानन्द जी ने वसीभूत निवेदन किया कि यह तुच्छ सेवक रात-दिन प्रार्थन करता है कि परमेश्वर अपनी अपार कृपा से श्रीचरणों को पूर्ण स्वास्थ्य प्रदान करें । इसे इससे बढ़कर त्रिभुवन भर में दूसरी कोई वस्तु प्रिय नहीं है ।

महाराज ने हाथ बढ़ाकर आत्मानन्द जी के मस्तक पर रखा और कहा- वत्स, इस नाशवान् नाशवान् क्षणभंगुर शरीर को कितने दिन स्वस्थ रहना है । बेटा अपने कर्त्तव्य कर्म का पालन करते हुए आनन्द से रहना । घबराना नहीं । संसार में संयोग और वियोग को होना स्वाभाविक है । महाराज के इन वचनों को सुनकर आत्मानन्द जी सिसक कर रोने लगे । गुरु वियोग-वेदना को अति समीप खड़ा देखकर उनका जी शोक-सागर के गहरे तल में डूब गया ।

गोपालगिरी नाम के एक संन्यासी भी कुछ काल से श्रीचरण-शरण में वास करते थे । महाराज ने उनको आमंत्रित करके कहा कि आपको कुछ चाहिए तो बता दीजिए । उन्होंने भी यह विनय की कि भगवन् हम लोग तो आपका कुशल-क्षेम ही चाहते हैं । हमें सांसारिक सुख की कोई भी वस्तु नहीं चाहिए । फिर महाराज ने दो सौ रुपये और दो दुशाले मंगाकर भीमसेन जी और आत्मानन्द जी को प्रदान किये । उन दोनों ने अश्रुधारा बहाते, भूमि पर सिर रखकर, वे वस्तुयें लौटा दी । वैद्यवर भक्तराज श्री लक्ष्मणदास जी को भी भगवान् ने कुछ द्रव्य देना चाहा, परन्तु उन्होंने द्रवीभूत हृदय से कर जोड़कर लेने से इनकार कर दिया ।

इस प्रकार अपने शिष्यों से गुरु महाराज की विदा होते देखकर आर्यजनों के चित्त की चंचलता और चिन्ता की प्रचण्डता चरम सीमा तक पहुंच गई । वे बड़ी व्याकुलता से सामने आ खड़े हुए । उस समय, श्री स्वामी जी अपने दोनों नेत्रों की ज्योति सब बन्धुओं के मुखमण्डलों पर डालकर, एक नीरव पर अनिर्वचनीय स्नेह-संताप सहित, उनसे अंतिम बिदाई लेने लगे । उनके प्रेम पूर्ण नेत्र, अपने पवित्र प्रेम की सुपात्रों को धैर्य देते और ढाढस बंधाते प्रतीत होते थे । महाराज प्रसन्न-चित्त थे । उनके मुख पर घबराहट का कोई भी चिन्ह परिलक्षित नहीं होता था ।

परन्तु भक्त जनों की आशायें क्षण-क्षण में निराशा निशा में लीन हो रही थी । उनके उत्साह की कोमल कलियों के सुकोमल अंग पल-पल में भंग हु चले जाते ते । वे गुरुदेव की दैवी देह के देव दुर्लभ दर्शन पा तो रहे थे, परन्तु उनकी आंखों के आगे रह-रह कर आंसुओं की बदलियाँ आ जाती थीं । रुलाई का कुहरा छा जाता था । सर्वत्र निविड़ तमोराशि का राज्य दिखाई देने लगता था । वे जो (अपने मन व चित्त) को कड़ा किये कलेजा पकड़ कर खड़े तो थे, परन्तु खोखले पेड़ और भुने हुए दाने की भांति, मानो सत्व रहित थे ।

ऐसी दशा ही में सायंकाल के पांच बजने लगे । उस समय एक भक्त ने पूछा कि भगवन्, आपकी प्रकृति कैसी है । श्री महाराज ने उत्तर दिया कि अच्छी है, प्रकाश और अन्धकार का भाव है । इन्हीं बातों में जब साढ़े पांच बजे तो महाराज ने सब द्वार खुलवा दिये । भक्तों ने अपनी पीठ के पीछे खड़े होने का आदेश दिया । फिर पूछा कि आज पक्ष, तिति और बार कौन सा है । पण्ड्य मोहनलाल ने शिरोनत होकर निवेदन किया कि प्रभो, कार्तिक कृष्ण पक्ष का पर्यवसान और शुक्ल का प्रारंभ है । अमावस्य और मंगलवार है । तत्पश्चात् महाराज ने अपनी दिव्य दृष्टि को उस कोठरी के चहुं ओर घुमाया और फिर गंभीर ध्वनि से वेद-पाठ करना आरम्भ कर दिया । उस समय उनके गले में उनके स्वर में, उनके उच्चारण में, उनकी ध्वनि में, उनके शब्दों में किंचिन्मात्र भी निर्बलता प्रतीत नहीं होती थी ।

भगवान् ने होनहार भक्त, पण्डित श्री गुरुदत्त जी उस कमरे में एक कोने में भित्ति के साथ लगे हुए, भगवान् की भौतिक दशा के अन्त का अवलोकन कर रहे थे । टकटकी लगाये लगाये निर्निमेष नेत्रों से उनकी ओर देख रहे थे । पण्डित महाशय उस धर्मावतार के दर्शन करने पहले पहल ही आये थे । उनके अन्तःकरण में अभी आत्म-तत्व का अंकुर पूर्ण रुप से नहीं निकला पाया था । परन्तु श्रीमहाराज की अन्तिम दशा को देखकर वे अपार आश्चर्य से चकित हो गये । वे चैकसाई विचार से देख रहे थे कि मरणासन्न महात्मा के तन पर अगणित छाले फूट निकल हैं, उनको विषम वेदना व्यथित किये जाती है । उनकी देह को दावानल सदृश दाह-ज्वाला एक प्रकार से दग्ध कर रही हैं । प्राणान्तकारी पीड़ा उनके सम्मुख उपस्थित है । परन्तु महात्मा शान्त बैठे हैं । दुःखक्लेश का नाम-निर्देश तक नहीं करते । उलटे गंभीर गर्जना से वेद-मन्त्र गा रहे हैं । उनका मुख प्रसन्न है । आंखे कमल सदृश खिल रही है । व्याधि मानों उनके लिए त्रिलोकी में त्रयकाल, उत्पन्न ही नहीं हुई । यह सहनशीलता शरीर की सर्वथा नहीं है, अवश्यमेव यह इनका आत्मिक बल है ।

यह पहला पल था कि जिस महर्षि की मृत्यु की अवस्था देखकर श्रीगुरुदत्त जैसे धुरन्धर नास्तिक के हृदय की अपजाउ भूमि में आत्मिक जीवन की जड़ लग गी । इन भावों की विद्युत रेखा चमकते ही वे सहसा चौंक पड़े । उन्होंने क्या देखा कि एक ओर तो परमधाम के पधारने के लिए प्रभु परमहंस पलंग पर बैठे प्रार्थना कर रहे हैं और दूसरी ओर वे, व्याख्यान देने के वेश में सुसज्जित, उसी कमरे की छत के साथ लगे बैठे हैं । इस आत्म योग के प्रत्यक्ष प्रमाण को पाकर पण्डित महाशय का चित्तस्फटिक, आस्तिक भाव की प्रभा से चमचमा उठा । मानों एक ओर से निकलती हुई उनकी देह के दीप में प्रवेश कर गई ।

गुरुदत्त अपनी गुप्त रीतियों से आत्मदाता गुरुदेव को फिर अतिशय श्रद्धा से देखने लगे । भगवान् वेद गान के अनन्तर, परम-प्रीति से पुलकित अंग होकर, संस्कृत शब्दों में परमात्मदेव की प्रार्थना करने लगे । फिर आर्य भाषा में ईश्वर गुण गाते भक्तों की परम गति भगवती गायत्री को जपने लगे । उस महामन्त्र के पुण्यपाठ को करते करते मौन हो गये । और चिरकाल तक सुवर्णमयी मूर्ति की भांति निश्चल रुप से समाधिस्थ बैठे रहे । उस समय उनके स्वर्गीय मुख

मण्डल के चारों ओर सुप्रसन्नता प्रभात की झलमलाहट पूर्ण रूप से झलमल कर रही थी।

समाधि की उच्चतम भूमि से उतर कर, भगवान् ने दोनों नेत्रों के पलक-कपाट खोलकर, दिव्य ज्योति का विस्तार करते हुए कहा-''**हे दयामय, हे सर्व शक्तिमान् ईश्वर, तेरी यही इच्छा है। सचमुच, तेरी यही इच्छा है। परमात्मदेव तेरी इच्छा पूर्ण हो। अहा ! मेरे परमेश्वर, तैने इच्छी लीला की।**'' इन शब्दों का उच्चारण करते ही, ब्रह्म ऋषि ने आत्मिक प्राण को ब्रह्माण्ड द्वारा परमधाम को जाने के लिये स्वर्ग-सोपान पर आरूढ़ किया और तत्पश्चात् पव रुप प्राण को कुछ पल भीतर रोक कर प्रणवनाद के साथ बाहर निकाल दिया। उसे सूत्रात्मा वायु में लीन कर दिया।

प्रभु के स्थूल प्राण के निकलने के साथ ही उपस्थित सेवकों की अश्रुधारायें अनर्गल हो गई। अनाथ बालकों की भांति, भक्तजनों ने रो रोकर कमरे की भूमि को, भिगो दिया। उनके दुःख का, उनके क्लेश का, उनकी निराशा का, उनके शोक का, कोई पारावार न रहा। सबके हृदय इस दारुण दुःख से विदीर्ण हो गये। वे बहुतेरा थमाते पर उनका कलेजा बार-बार मुंह को आता था। वे धैर्य धारण करने की चेष्टा भी करते पर चित्त चकनाचूक ही हु चला जाता था। फूट-फूटकर रोते उनकी आंखे फूल गई। घिग्घिया बंध गई। व्याकुलकता वेग ने उनको शोक के अति गहरे सागर में डुबो दिया। आर्त भारत के भाग्य का भानु, भगवान् दयानन्द, कार्तिक अमावस्य सम्वत् विक्रमी, मंगलवार को सायं छः बजे एकोक, काल कराल रुप अस्तांचल की ओट में हो गया। उस समय सूर्यदेव भी अस्त हो गये थे। तपोमयी महा तमिस्रा रजनी ज्यों-ज्यों घोरतरुप धारण करती जाती थी, त्यों-त्यों अजमेर के तार-घर से दौड़ते हु तार आर्यसंसार में निराशा की, अतिशोक की और असह्य विपत्ति वज्रपात की घोरतम तमोराशि की निपट निशा का विस्तार कर रहे थे।

महाराज के निर्वाण का अचानक समाचार पाकर आर्यों के चित्त चौंक पड़े, चंचल हो उठे, उनके सिर पर दुःखरुप पर्वत-शिखर का सहसा विनिपात हो गया। उस समय आर्यजनों की आंखे गंगा-यमुना की भांति बड़े वेग से बह रही थी। उनके हृदय अस्त-व्यस्तता में व्याकुल हो रहे थे। मन गहरे खेद की खाई में गिरकर खिन्नावस्था में खण्ड-खण्ड हु जाते थे। उनकी आत्मायें इतनी अधीर हो गई थीं कि उनको एक-एक पल द्रौपदी के चीर के समान दिखाई देता था और व रात्रि काल-निशा सदृश जान पड़ती थी।

जिस प्रकार श्रीराम के वियोग से भरत जी व्याकुल हो उठे थे और कृष्ण के निर्वाण पर ऊधव जी तथा पाण्डवों ने करुण-क्रन्दन किया था, उसी प्रकार भगवान् दयानन्द के स्वर्ग सिधारने पर आर्यसमाजियों में अनवरत आर्त-नात होने लगा। उनके मध्यान्ह के सूर्य की प्रखर किरणों पर अकस्मात् काल-कालिमा छा गई। शरत्पूर्णिमा के शुभ्र ज्योत्सना-युक्त चन्द्रमा पर पृथ्वी की छाया पड़ गई। उनकी उन्नति और उदय के बाल-रवि को राहु ने सहसा ग्रास लिया। हरित, भरित, पुष्पित और फलित आर्यसमाज वाटिका पर परुष-पाषाण राशि को भी तुषार रुप में परिणत करने वाला, भीषण तुषारपात हो गया। प्रसन्नता पर खिन्नता की झलक आ गई। चारु-प्रेम-प्रतिमा अकाल ही में सामने से उठा ली गई। उनकी सुविमल, सुशीतल, सुवासित, सुकोमल चित्तकलियों को काल की लू के झकोले ने जहां-तहां से झुलस दिया। वे गुरु वियोग व्यथा से विह्वल हो, बिलख-बिलख कर सोद्न करते थे।

आगामी दिन के समाचार पत्रों ने शोक-सूचक काली रेखा देकर अपने स्तम्भों के स्तम्भ इस शोक समाचार पर लिखे, जिससे पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण पर्यन्त भारत भर में भगवान् के असामयिक स्वर्गारोहण का शोक छा गया। नगर नगर में लोगों ने सभायें लगाकर इस अति भारी क्षति और धर्महानि पर आंसू बहाये। इस सार्वभौम शोक में अमेरिका और यूरोप के देश भी सम्मिलित हुए।

कार्तिक शुक्ल प्रतिप्रदा को, प्रातःकाल भक्तजल भगवान् की जीवनज्योति विहीन, निर्जीव देह-दीवट को उठाकर स्नान कराने लगे। वे चाहते थे कि महाराज के शरीर पर केवल सुशीतल जल ही पड़े, परन्तु बलात्कार उनके आंसू बराबर, टपटप करके टपक पड़ते थे। स्नान कराने के उपरान्त महाराज की देह को चन्द्रादि सुगन्धित वस्तुओं से चर्चित किया गया। फिर उसे बहुमूल्य वस्त्रों में वेष्टित करके, पलंग पर प्राण-त्याग आसन में स्थापित किया गया। उस समय सैकड़ों मनुष्य उनके अन्तिम दर्शनों के दौड़े आकर, अपने नेत्रों की सहस्र धाराओं से उस कोठरी की भूमि को भिगोते थे। भक्तजन विमान बनाने लगे तो पण्ड्या मोहनलाल जी ने भातृ मण्डल के सामने निवेदन किया है कि- श्रीमन्नमहाराणा श्री सज्जनसिंह जी ने मुझे चलते समय आदेश दिया था कि यदि हम लोगों के दुर्भाग्य से महाराज का शरीर छूट जो, तो किसी प्रकार तीन चार दिन पर्यन्त उसका दाह-कर्म न किया जाय, जिससे मैं और उनके दूसरे शिष्य राजे महाराजे उनके अन्तिम दर्शन पा सकें, उनके दाह-कर्म में सम्मिलित हो सकें। परन्तु प्रभु के उपस्थित प्रेमियों ने दाह कर्म उसी दिन कर देना ही उचित समझा। शिविका पुष्पों, कदली स्तम्भों और कोमल पत्तों से सुसज्जित की गई, दिन के दस बजे महाराज की अरथी उठाई गई। उस समय सैकड़ों सज्जन नंगे पांव उसके पीछे चलते थे। राय भागराम भी नंगे पांव साथ थे। महाराज के, शिविका में पड़े शव को पंजाबी सैनिक अपने बलिष्ठ कन्धों पर उठाये वहन कर रहे थे। रामानन्द जी और गोपाल गिरी जी आदि आगे-आगे वेद पाठ करते चलते थे। अजमेर नगर के आगरा द्वार से होते हुए बाजारों और चौकों का उल्लंघन करते नगर से बाहर दक्षिण भाग में शिविका पहुंचाई गई।

वेदी बनने में कुछ देर जानकर पण्डित भागराम जी ने आर्यों के डांवाडोल मनो को धैर्य बंधाते हुए स्वर्गीय स्वामी जी के गुण-कीर्तन किये। उनके उपकार बताये और स्वामी जी के उद्देश्यों की परिपूर्ति के लिए स्वामी भक्तों को प्रोत्साहन दिया। यद्यपि पंडित महाशय का कण्ठ बीच-बीच में वाष्प

से बराबर रुक जाता था, फिर भी उन्होंने यथा तथा करके अपना हार्द प्रकाशित कर ही दिया ।

तत्पश्चात् राव बहादुर पण्डित सुन्दरलाल जी कलेजे को कड़ा करके कथन करने लगे । परन्तु उनके दोनों नेत्रों से बहते हुए अश्रुओं ने उनके वक्षः स्थल को गीला कर दिया, उनका गला इतना रुक गया कि वे आगे कुछ भी न बोल सके । वेदी बन जाने पर भक्त लोगों ने दो मन चन्दन और दस मन पीपल की समिधों से चिता चयन की । अपने टूक-टूक होते हृदयों को थाम कर उन्होंने गुरुदेव के शव को उस अन्तिम शय्या पर शयी कर दिया । रामानन्द और आत्मानन्द जी ने यथाविधि अग्न्याधान किया । अग्निस्पर्श होते ही घृतसिंचित चिता, ज्वाला-माला से आवृत्त हो गई । उस दाह-कुण्ड में चार मन घी, पांस सेर कपूर, एक सेर केसर और दो तोले कस्तूरी डाली गई । चरु और घृत की पुष्कल आहुतियों से हुत श्री महाराज का शव प्रेमियों के नीर भर नेत्रों से देखते ही देखते अपने कारणों में लय हो गया । महाराज की आत्मा तो जागतिक ज्योति में पहिले ही लीन चुकी थी । सेवकों ने उनके शरीर को भी ज्योतिः शय्या पर आरूढ़ करके उसके तातत्विक रुप में पहुंचा दिया । गुरु महाराज की दुर्लभ देह का कर्म करने के अन्तर, अति शोकातुर आय्यजन नगर को लौट आये । उस दिन वे अपने को निःसार और निःसत्व समझते थे, प्रत्येक कार्य में अनमने से हो रहे थे । अपने अति प्यायों को भी देखकर उनकी प्रसन्नता नहीं होती थी । उनको अपने देह के दीवट पर धरा हुआ मन का दीवा प्रसन्नता की ज्योति से सर्वथा शून्य जान पड़ता था । इस प्रकार टंकारा व मथुरा से उदय हुआ ऋषि दयानन्द जी का जीवन सूर्य देश-विदेश व भूमण्डल में ईश्वरीय ज्ञान वेद की सत्य विद्याओं का प्रकाश सहित मानव मात्र के सर्वाधिक पूर्ण हित की आभा बिखेर कर अजमेर में दीपावली के दिन अस्त हो गया। हम ऋषि को कोटि कोटि प्रणाम करते हैं । यदि हम अपने जीवन में ऋषि की बताई शिक्षाओं व वेदमार्ग का कुछ भी अनुकरण व अनुसरण व अनुसरण कर सकें तो हमारा जीवन धन्य होगा ।

ऐसे रोकें, शादी की फिजूलखर्ची

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारतीय समाज में तीन बड़े खर्चे माने जाते हैं । जनम, मरण और परण ! कोई कितना ही गरीब हो, उसके दिल में हसरत रहती है कि यदि उसके यहां किसी बच्चे ने जन्म लिया हो या किसी की शादी हो या किसी बुजुर्ग की मृत्यु हुई हो तो वह अपने सगे-संबंधियों और मित्रों को इकट्ठा करे और उन्हें कम से कम भोजन तो करवाए । इस इच्छा को गलत कैसे कहा जाए ? यह तो स्वाभाविक मानवीय इच्छा है । लेकिन यह इच्छा अक्सर बेकाबू हो जाती है । लोग अपनी चादर के बाहर पाँव पसारने लगते हैं ।

नवजात शिशु के स्वागत में लोग इतना बड़ा समारोह आयोजित कर देते हैं कि वह बच्चा जन्मजात क़र्जदार बन जाता है । शादीयों में लोग इतना खर्च कर देते हैं कि आगे जाकर उनका गृहस्थ जीवन चौपट हो जाता है । मृत्यु-भोज का कर्ज़ चुकाने में ज़िंदा लोगों को तिल-तिलकर मरना होता है । यह बीमारी आजकल पहले से कई गुना बढ़ गई है । आजकल निमंत्रण-पत्रों के साथ प्रेषित तोहफ़ों पर ही लाखों रू. खर्च कर दिए जाते हैं । यह शेख़ी का जमाना है । हर आदमी अपनी तुलना अपने से ज्यादा मालदार लोगों से करने लगता है । दूसरों की देखा-देखी लोग अंधाधुंध खर्च करते हैं । इस खर्च को पूरा करने के लिए सीधे-सादे लोग या तो कर्ज़ कर लेते हैं या अपनी ज़मीन-जायदाद बेच देते हैं और तिकड़मी लोग घनघोर भ्रष्टाचार में डूब जाते हैं । येन-केन-प्रकरेण पैसा कमाने के लिए वे कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं । अगर ये सब दाव-पेच भी फेल हो जाएं तो वे लड़की वालों पर सवारी गाँठते हैं । अपनी हसरतों का बोझ वे दहेज़ के रूप में वधू-पक्ष पर थोप देते हैं ।

इसी प्रकृति को क़ाबू करने के लिए सरकार का दहेज़-विरोधी प्रकोष्ठ कुछ ऐसे कानून-क़ायते लाने की सोच रहा है, जिससे शादियों की फिजूलखर्ची पर रोक लग सके । एक सुझाव यह भी है कि लोगों की आमदनी और शादी के खर्चे का अनुपात तय कर दें । यह सुझाव बिल्कुल बेकार सिद्ध होगा, जैसा कि चुनाव-खर्च का होता है । हॉ, अतिथियों की संख्या जरूर सीमित की जा सकती है और परोसे जानेवाले व्यंजनों की भी । इस प्रावधान का कुछ असर जरूर होगा लेकिन सबसे ज्याजा असर इस कदम का होगा कि जहां भी क़ानून के विरुद्ध लाखों-करोड़ों का खर्च दिखे, सरकार वहीं शादी के मौके पर छापा मार दे । वर-वधू के रिश्तेदारों को गिरफ्तार कर ले और उनसे हिसाब माँगें कि वे यह पैसा कहां से लाए । देश में अगर ऐसे दर्जन भर छापे भी पड़ जाएं तो शेष फ़िजूलख़र्च लोगों के पसीने छूट जाएँगे ।

समाज को कुरीतियों का कोढ़ लगा है और हम हाथ पर हाथ धरे मूक दर्शक बने बैठे हैं ? डॉ. वैदिक ने इस ज्वलंत समस्या पर अपने विचार और सुझाव रखे हैं ।

क्या आप डॉ. वेदप्रताप वैदिक के विचारों व उनके सुझावों से सहमत हैं ? क्या आप इस बारे में कुछ कहना चाहते हैं ?

- क्या आप के पास इस समस्या का कोई समाधान है ? क्या अभिमन्यु की तरह चक्रव्यूह में फंसे और पंगु होते समाज को आप कोई समाधान सुझा पाएंगे ?
- क्या आप आज के इस परिवेश, सामाजिक ढांचे और जीवन में परिवर्तन चाहते हैं ? क्या किया जाए ?
- अपने विचार केवल तभी दें यदि आप का कर्म उनसे मेल खाता हो - हाथी दांत वाले लोग कृपया क्षमा करें !

ऋषि दयानन्द

-प्रो. सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार

उन्नीसवी शताब्दी के मध्य तथा अन्तिम चरण में भारत का भाग्य एक नया मोड़ ले रहा था। सदियों से सुप्त पड़ी इस देश की चेतना अव्यक्त से व्यक्त की तरफ, सुषप्ति से जागृति की तरफ, जड़ता से प्रगति की तरफ अग्रसर हो रही थी। इस जाग्रत् चेतना की अभिव्यक्ति का क्या रूप था ? सदियों से सोई पड़ी यह चेतना जब भारत के नव-प्रभात में अंगड़ाई लेकर आँख खोलने लगी, तब १७७२ में बंगाल में राजा राममोहन राय ने और १८३४ में रामकृष्ण परमहंस तथा उसी काल के आसपास स्वामी विवेकानन्द ने जन्म लिया; १८२४ में गुजरात में महर्षि दयानन्द ने जन्म लिया; १८६३ में मद्रास में थियोसोफिकल सोसायटी ने जन्म लिया; १८८४ में महाराष्ट्र में प्रार्थना-समाज ने और दक्खन-एजुकेशन-सोसायटी ने जन्म लिया और इसी काल में मुसलमानों में चेतना के संचार के लिए सर सैयद अहमद ने जन्म लिया। ये सब भारत की विभूतियाँ थीं और इस देश के नव-निर्माण का सपना लेकर गंगा और हिमालय की इस देशभूमि का सदियों का संकट काटने के लिए प्रकट हुई थीं।

उन्नीसवीं शताब्दी में भारत में जिन विभूतियों ने जन्म लिया उनमें से ऋषि दयानन्द पर हम आज लिख रहे हैं। ऋषि दयानन्द आए परन्तु वे समय के दास बनकर नहीं आये, समय को अपना दास बनाने के लिए आए। महापुरुष यही-कुछ करते हैं। हम समझते है कि हमें जमाने के अनुसार चलना है, महापुरुष जमाने की गर्दन पकड़कर उसे अपने अनुसार चलाते हैं। वे खुद नहीं बदलते, जमाने को बदलते हैं। तोयनबी नामक प्रसिद्ध समाज-शास्त्री ने कहा है कि यह जीवन एक ललकार है, एक चैलेंज है, आह्वान है। साधारण लोग इस ललकार को सुनकर, इस चुनौति और आह्वान को सुनकर जीवन-संग्राम से भाग खड़े होते हैं, जमाने का रंग पकड़ लेते हैं; महापुरुष जीवन की ललकार का, जीवन के आह्वान का उत्तर देते है। वे इस चैलेंज का जवाब देते हु जीवन की समस्याओं के साथ झूक जाते हैं, जूझते हुए प्राणों की बाजी लगा देते हैं, परन्तु इस संघर्ष में पीठ नहीं दिखाते, जमाने के पलट देते हैं।

ऋषि दयानन्द जब इस देश के रणांगन में उत्तरे, तब उन्हें चारों तरफ ललकार-ही-ललकार सुनाई दी, चारों तरफ चुनौति ही चुनौति नजर आएं। सबसे बड़ा चुनौति था विदेशी राज्य का। उनके सामने ललकार उठी०क्या विदेशी राज्य को दरदाश्त करोगे ? ऋषि दयानन्द की आत्माने जवाब दिया- विदेशी राज्य को बर्दाश्त नहीं करूंगा। उन्होंने राजस्थान के राजाओं को अंग्रेजी शासन के प्रति विद्रोह करने के लिए तैयार करना शुरू किया। ऋषि दयानन्द के जीवन का बहुत वड़ा भाग राजस्थान के राजाओं को संगठित करने में बीता।

१८७३ में इस देश के गवर्नर जनरल लॉर्ड नॉर्थब्रुक थे। कलकत्ता के लॉर्ड बिशप ने लॉर्ड नॉर्थब्रुक तथा ऋषि दयानन्द में एक भेंट का आयोजन किया। इस भेंट में दोनों में जो बातचीत हुई उसका विवरण लॉर्ड नॉर्थब्रुक ने अपनी डायरी में लिखा। यह डायरी लन्दन में इण्डिया-हाउस में आज भी सुरक्षित है।

लॉर्ड नॉर्थब्रुक ने कहा- ''पण्डित दयानन्द, आप मत-मतान्तरों का खण्डन करते हैं। हिन्दुओं, ईसाइयों, मुसलमानों के धर्म की आलोचना करते हैं। क्या आप सरकार से किसी प्रकार की सुरक्षा नहीं चाहते।

ऋषि दयानन्द ने उत्तर दिया- ''अंग्रेजी राज्य में सबको अपने विचार प्रकट करने की पूरी स्वतन्त्रता है इसलिए मुझे किसी से किसी प्रकार का खतरा नहीं है।'' इस पर खुश होकर गवर्नर जनरल ने कहा कि ''अगर ऐसी बात है तो आप अपने व्याख्यानों में अंग्रेजी राज्य के उपकारों का वर्णन कर दिया कीजिए। अपने व्याख्यान के प्रारम्भ में जो आप ईश्वर-प्रार्थना किया करते हैं, उसमें देश पर अखण्ड अंग्रेजी शासन के लिए भी प्रार्थना कर दिया कीजिए।''

यह सुनकर ऋषि दयानन्द ने उत्तर दिया- ''श्रीमान् जी, यह कैसे हो सकता है ? मैं तो सायं-प्रातः ईश्वर से यह प्रार्थना किया करता हूँ कि इस देश को विदेशियों की दासता से शीघ्र मुक्त करे।''

लॉर्ड नार्थर्थब्रुक ने इस घटना का उल्लेख अपनी उस साप्ताहिक डायरी में किया जो वे भारत से प्रति-सप्ताह हर मैजेस्टी महारानी विक्टोरिया को भेजा करते थे। इस घटना का उल्लेख करते हु वे लिखते हैं कि ''मैंने इस बागी फकीर की कड़ी निगरानी के लिए गुप्तचर नियुक्त कर दिए हैं।''

देश की परतन्त्रता ही ऋषी दयानन्द के सम्मुख चुनौति बनकर नहीं खड़ी थी, वे अपने समाज में जिधर नजर उठाते थे उन्हें चुनौति-ही-चुनौति दीख पड़ते थे, उनके कानों में देश की समस्याओं की ललकार-ही-ललकार सुनाई पड़ती थी। वे महापुरुष इसलिए थे क्योंकि वे किसी चुनौति को सामने देखकर दम तोड़कर नहीं बैठते थे, किसी ललकार को सुनकर चुप नहीं रहते थे। समाज की हर समस्या से वे जूझे, हर फंड पर डटे, हर अखाड़े में छाती तानकर खड़े रहे। कौन-सी समस्या थी जो इस देश के महावृक्ष को घुन की तरह नहीं खा रही थी ? स्त्रियों को पर्दे में बन्द रखा जाता था, उन्हें शिक्षा का अधिकार नहीं

था । ऋषि दयानन्द ने रूढ़िबादी समाज की इस ललकार का उत्तर दिया । ऋषि दयानन्द ने पहले-पहल आवाज उठाई कि स्त्रियों को वे सब अधिकार हैं जो पुरुषों को हैं । जैसे वेद-मन्त्रों का साक्षात्कार करनेवाले पुरुष ऋषि हैं, वैसे वेद-मन्त्रों का साक्षात् करनेवाली स्त्री ऋषिकाओं के नाम पाये जाते हैं । ऋषि दयानन्द ने ''स्त्रीशूद्रौ नाथीयाताम्'' के नारे को रद्दी की टोकरी में फेंक दिया । 'शूद्र' संज्ञा देकर समाज के जिस वर्ग के साथ हम अन्याय तथा अत्याचार कर रहे थे, जिन्हें हमने मनुष्यता के अधिकारों से भी वंचित कर दिया था, उनके अधिकारों की रक्षा के लिए वे उठ खड़े हुए । ऋषि दयानन्द ने सामाजिक व्यवस्था के लिए एक नया दृष्टिकोण दिया । उन्होंने जन्म की जात-पॉत को मानने से इन्कार कर दिया । जब जन्म से जात-पाँत ही नहीं, न कोई जन्म से बड़ा न जन्म से छोटा, तब शूद्र कौन और अछूत कौन ? समय था जब समाज के एक वर्ग के लिए 'अछूत' शब्द का प्रयोग किया जाता था । आज हम उसके लिए 'हरिजन' शब्द का प्रयोग करते हैं । परन्तु किसी को हम 'अछूत' कहें, या 'हरिजन' कहें- अर्थ दोनों का एक ही है, वह हमसे अलग है, एक पृथक् वर्ग का है, हमारे समाज का हिस्सा नहीं है । आर्यसमाज ने 'अछूत' शब्द का प्रयोग नहीं किया, 'हरिजन' शब्द का प्रयोग भी नहीं किया । आर्यसमाज ने 'दलित' शब्द का प्योग किया । 'दलित' - अर्थात्, जिसे मैंने दल रखा है, जिसके अधिकारों को मैंने ठुकरा रखा है । 'अछूत' शब्द में जिसे 'अछूत' कहा गया उसे बुरा माना गया, 'दलित' शब्द में मैंने दूसरे को दबाया इसीलिए बुरा माना गया । ये दोनों शब्द एक ही भाव को व्यक्त करते हैं, परन्तु दोनों में दृष्टिकोण कितना भिन्न हो जाता है ! आर्यसमाज ने इस बात को समझा कि जब हम अछूत' शब्द का, या 'हरिजन' शब्द का प्रयोग करते हैं, तब हम उन्हें समाज की समस्या ही बने रहने देते हैं, चुनौति चुनौति ही बना रहता हैं । यही कारण है कि पहले 'अछूत' एक पृथक् वर्ग के तौर पर अपने अधिकार माँगता है । जब तक हम 'अछूत' या 'हरिजन' बने रहेंगे तभी तक तो विशेष अधिकारों की माँग कर सकें गे ! इसलिए जिस रास्ते पर हम चल रहे हैं उस पर तो 'अछूत' या 'हरिजन' बने रहना नफे का सौदा है । आज अनेक ब्राह्मण बालक अपने को 'अछूत' या 'हरिजन' कहलाना पसन्द करते हैं क्योंकि उससे उन्हें छात्रवृत्ति मिलती है । राजनीति के अखाड़े के अनेक उम्मीद-वार अपने को 'अछूत' या 'हरिजन' सिद्ध करने के लिए अदालतों में दौड़ते हैं क्योंकि इससे उन्हें असेम्बली या पार्लियामेंट की मैम्बरी मिलती है । परन्तु इससे क्या समाज की समस्या हल होगी ? ऋषि दयानन्द इस समस्या से जूझे थे । उन्होंने समाज के शब्दकोष से 'अछूत' शब्द को ही हटा दिया था ।

समाज जीता-जागता एक चुनौति है, चारों तरफ से ललकार है, आह्वान है, पुकार है । हम इस चुनौति का जबाव, इस ललकार और आह्वान का प्रत्युत्तर देंगे या नहीं देंगे ? हम समाज के चुनौति को देखते हुए भी नहीं देखते, ललकार को सुनते हुए भी नहीं सुनते । शरीर में पीड़ा हो, उसे जो अनुभव न करे वह जीवित नहीं मृत है; समाज के शरीर में रोग हो, उसे जो दूर करने के लिए छटपटाने न लगे वह मृत-समान है । ऋषि दयानन्द ने समाज के शरीर की पीड़ा को, इसके रोग को अनुभव किया, इसीलिए वे जीवित थे । उन्हें तो अपने समय का सारा समाज एक चुनौति के रूप में दीखा । हिन्दुओं का रूढ़िवाद एक महान् चैलेंज था । जहाँ देखो वहाँ प्रथा की दासता, रूढ़ि की गुलामी, जो चला रहा है ... उधर नहीं जा सकते । ऋषि दयानन्द ने रूढ़िवाद की इस थोथी दीवार को एक धक्के में गिरा दिया । अगर पौराणिक धर्म उन्हें एक चुनौति के रूप में दीख पड़ा तो ईसाइयत और इस्लाम भी उन्हें चुनौति देता हुआ दीख पड़ा । हिन्दुओं की जड़ जहाँ अपने कर्मों से खोखली हो रही थी, वहाँ ईसाइयत तथा इस्लाम भी उसे कमजोर करने में खुच उठा नहीं रख रहे थे । ऋषि दयानन्द जहाँ अपनों से जूझे वहाँ बाहरवालें से भी उसी तरह से जूझे । वे पौराणिक मतवादियों से, ईसाइयों से, मुसलमानों से- सबसे जूझ पड़े । दुनिया-भर के गन्द को जला डालने की उनमें हिम्मत थी । वह एक सूरमा थे जो दुनिया-भर के रूढ़िवाद से टक्कर लेने के लिए उठ खड़े हुए थे ।

ऐसे लोग दुनिया को बदल देने के लिए पैदा हुआ करते हैं । वे आते हैं, एक नई लहर चला जाते हैं, संसार को एक नया दृष्टिकोण दे जाते हैं । पुराना जड़वाद उन्हें बर्दाश्त नहीं कर सकता, और वे उस पुराने जड़वाद को दर्दाश्त नहीं कर सकते । वे जहर अगलते हैं, आग उगलते हैं, कूड़े-कर्कट को राख करते चले जाते हैं । लेकिन यह दुनिया भी ऐसी है कि उन्हें देर तक बर्दाश्त नहीं कर सकती । वे भी इसके लिए तैयार होते हैं । सुकरात अपने जमाने को बदलने के लिए आया था, उसे जहर का प्याला पीनी पड़ा । ईसामसीह एक नई दुनिया का सपना लेकर आया था उसे जिन्दा सूली पर लटक जाना पड़ा । दयानन्द अपने देश और जाति को नए ढाँचे में ढालने को आया था, उसे दूध में घुला जहर पीकर प्राण गँवाने पड़े । गाँधी एक नया संसार बना रहा था, उसे गोली का शिकर हो जाना पड़ा । यह दुनिया, इसको बदल देनेवालों को दर्दाश्त नहीं करती । परन्तु जहर देनेवाले, गोली चलानेवाले, तलवार उठानेवाले देखते हैं, और हाथ मल-मलकर देखते हैं कि जहर पीकर, गोली खाकर और प्राण देकर जो चले जाते हैं वे अपने पीछे एक ऐसी शक्ति छोड़ जाते हैं जो एक नवीन संसार का निर्माण कर देती है, एक नई दुनिया बना देती है । ऋषि दयानन्द भी अपने जमाने से जूझे, जमाने ने उन्हें जहर दे दिया, लेकिन जहर पीने के बाद विदाई की वेला में उनसे जो शक्ति की धारा फूटी उसने सदियों से चित पड़ी हुई इस भूमि का नक्शा ही बदल दिया । परमात्मा करे, हमारा देश भारत, महर्षि दयानन्द के सपनों का साकार रूप होकर महानता में हिमालय-सा, पवित्रता में गंगा-सा और विश्व में शान्ति की धारा बहाने में चन्द्रमा-सा उठ खड़ा हो ।

"ऋषिवर देव दयानन्द की राष्ट्र को देन"

-श्री खुशहाल चन्द्र आर्य

ऋषिवर देव दयानन्द से पहले आदि शंकराचार्य व बल्लभाचार्य से लेकर आधुनिक आचार्य करपात्री तक जितने भी आचार्य हु हैं, उनमें बुद्ध, महावीर, नानक, ईसा, मोहम्मद आदि भी आ जाते हैं, इन्होंने केवल अपने ही मत-पंथ, सम्प्रदाय का प्रचार किया । अपने ही मतावलम्बियों का हित चाहा और उन्हीं को बढ़ावा दिया । राष्ट्र चिन्तन, राष्ट्र प्रेम व राष्ट्र हित के सम्बन्ध में किसी ने दो शब्द भी नहीं कहे । भारत के इतिहास में केवल देव दयानन्द ही एक ऐसे धर्माचार्य, संन्यासी, बालब्रह्मचारी व वेदों के प्रकाण्ड विद्वान् हुए हैं, जिन्होंने अपने वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ राष्ट्र प्रेम, राष्ट्रहित के कार्य करने की बात कहीं है । केवल महर्षि ने ही देश के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा दी है । वैसे तो महर्षि दयानन्द ने सर्वांगीण विकास की बात कही है, चाहे वह धार्मिक हो, शारीरिक हो, आत्मिक हो, सामाजिक हो व राजनैतिक हो, सभी विषयों में अपनी कलम चलाई है पर देशहित पर विशेष जोर दिया है । वे कार्य इस भाँति है ।

१. स्वतंत्रता के प्रथम उद्घोषकर्त्ता :- महर्षि दयानन्द सबसे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने स्वतन्त्रता प्राप्ति का उद्घोष किया। उन्होंने अपने अमर ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश में लिखा कि अपना राज्य चाहे कितना भी बुरा क्यों न हो, तब भी वह विदेशी राज्य से कहीं अधिक अच्छा होता है । इसी को पढ़कर बाल गंगाधर तिलक ने कहा कि "आजादी लेना हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है" और राम प्रसाद विस्मिल, भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद तथा रोशन सिंह आदि क्रान्तिकारियों ने जो आर्य समाजी विचारों के थे उन्होंने स्वतन्त्रता प्राप्ति के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया और हँसते-हँसते फाँसी के फन्दे को चूमा ! वीर सावरकर, भाई परमानन्द, लाला हरदयाल, लाला लाजपत राय ने अपने जीवन का एक-एक पल व एक-एक श्वांस देश को स्वतन्त्र करने के लिए समर्पित कर दिया इसी कारण यह कहना उचित ही है कि भारत को स्वतन्त्रता दिलाने में सबसे अधिक भाग आर्य समाजियों ने लिया । इसीलिए पट्टाभिसीतारामैया जो काँग्रेसी थे, उन्होंने काँग्रेस का इतिहास लिखा है, उसने स्वीकार किया है कि आजादी की लड़ाई में ८५ प्रतिशत आर्य समाजी ही थे । इस प्रकार स्वामी जी के उद्घोष से देश में नव क्रान्ति आई जिससे देश १९४७ के १५ अगस्त को स्वतन्त्र हुआ । इस आजादी पाने का सबसे अधिक श्रेय महर्षि दयानन्द और आर्य समाज को जाता है ।

२. नारी उत्थान :- महर्षि के आने से पहले देश में नारी जाति की बड़ी शोचनीय दसा थी । उनको घर की चार दिवारी के भीतर अपमानित होकर सहना पड़ता था । उनको पढ़ने तथा घूमने-फिरने का कोई अधिकार नहीं था । घर में जब लड़का पैदा होता था तो घर में थाली बजाकर खुशी मनायी जाती थी और जब लड़की होती थी तो पूरे घर में उदासी छा जाती थी । महर्षि दयानन्द ने नारी जाति को पुरुष के समान अधिकार दिलाया और उसको पढ़ने-पढ़ाने का भी अधिकार दिलाया । महर्षि ने कहा कि स्त्री-पुरूष गृहस्थ रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं । यह दोनों समान होने चाहिए तभी गाड़ी ठीक चलेगी नहीं तो गृहस्थ में लड़ाई-झगड़ा रहेगा और गृहस्थ दुःखी बना रहेगा । यह महर्षि जी की ही कृपा है, जो इन्दिरा गाँधी नारी के साथ-साथ विधवा होते हुए भी भारत की प्रधानमन्त्री बनी । ममता बनर्जी व जयललिता मुख्यमन्त्री बनी हुई हैं और मुसलमानों में नारी पर और भी अधिक पाबन्दी है फिर भी महर्षि जी की जागृति से बेनज़ीर भुट्टो भी पाकिस्तान की प्रधानन्त्री बनी ।

३. अछूतोद्धार :- महर्षि जी के आने से पहले नारी जाति से कुछ कम या अधिक अपमानित जीवन अछूत (हरिजन) भाईयों का था । ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य उनकी परछाई से भी घृणा करते थे । यदि कोई हरिजन यानि अछूत बगल से भी निकल जाता था तो उसे पहले तो सौ गाली देते थे फिर स्नान करते थे तब उनको शान्ति मिलती थी । उनको पढ़ने का तथा पूजा-पाठ करने के लिए मन्दिर में प्रवेश होने का अधिकार नहीं था । उनका जीवन पूर्ण दुःखी व अपमानित था । जिसके कारण हमारे अछूत (शूद्र) भाई विदेशियों के लोभ, लालच व भय में आकर अपना हिन्दू धर्म छोड़कर मुसलमान व ईसाई बनने लगे । महर्षि ने जब अपने अछूत भाईयों की यह दशा देखी तो उनका हृदय रो पड़ा और उनको पढ़ने का तथा मन्दिरों में प्रवेश होने का अधिकार दिलाया । महर्षि ने कहा कि ईश्वर के सभी मनुष्य ही नहीं बल्कि प्राणी-मात्र ही पुत्र-पुत्रियों के समान हैं इसलिए ईश्वर सबका माता व पिता है और हम सब परस्पर भाई-भाई हैं । इसलिए एक भाई से घृणा करना मनुष्य का कर्त्तव्य नहीं है । इसीलिए आज अछूतों को हर काम में बराबर का अधिकार है और अछूत बड़े से बड़े पद पर जाने का अधिकारी बन गया है । इसीलिए जगजीवन राम जो चमार जाति से थे, वे भारत के उप-प्रधानमन्त्री बने । मायावती जो नारी भी हैं और हरिजन भी हैं, वह उत्तर प्रदेश की मुख्यमन्त्री बनीं । यह सब महर्षि जी की ही कृपा है ।

४. जाति जन्म से नहीं कर्म से होती है :- प्राचीन काल में महाभारत तक जब विश्वभर में वैदिक धर्म ही था, तब हर आँठ वर्ष का बच्चा या बच्ची को गुरुकुल में भेजना अनिवार्य था । जब ब्रह्मचारी पूर्ण विद्या पढ़कर गुरुकुल छोड़कर घर आने की तैयारी करता था तब गुरुकुल का आचार्य ब्रह्मचारी का समावर्त्तन संस्कार करके उसका वर्ण निर्धारित करता था, यानि गुण, कर्म, स्वभाव से वह ब्रह्मचारी, ब्राह्मण है, क्षत्रिय है, वैश्य है, या शूद्र है, उसीके अनुसार उसको वर्ण मिल जाता था और उसका विवाह भी उसी के गुण कर्म स्वभाव

के अनुसार उसी वर्ण की लड़की से करवा देता था और उसी वर्ण में रहते हुए वह अपना सुखी जीवन व्यतीत करता था । जब तक भारत में यह व्यवस्था बनी रहीं तब तक देश उन्नत व सम्पन्न बना रहा और विश्व का गुरु बना रहा । महाभारत के विकराल युद्ध के बाद सभी विद्वान्, आचार्य, योद्धा, नीतिवान समाप्त हो गये और स्वार्थी, अनपढ़ ब्राह्मणों ने अपने स्वार्थ के लिए गुण, कर्म, स्वभाव को छोड़ जन्म से जाति मानने लगे तभी से देश पतित होना आरम्भ हो गया । महर्षि दयानन्द ने इस बात को समझ लिया और वैदिक धर्म का प्रचार-प्रसार करते हुए गुण, कर्म, स्वभाव से वर्ण स्थापित होने पर जोर दिया जिससे अब कुछ सुधार होता दिखाई दे रहा है ।

५. अज्ञान, अन्धविस्वास व पाखण्ड पर कड़ा प्रहार :- महाभारत से एक हजार वर्ष पूर्व से वेद ज्ञान का ह्रास्य लगा था, पूरे देश में अज्ञान, अन्धविश्वास व पाखण्ड के पैर जमने लगे थे । महाभारत के भीषण युद्ध मे विश्व के सभी विद्वान, आचार्य, योद्धा तथा वीर पुरूष समाप्त हो गये थे और स्वार्थी, अज्ञानी लोगों का प्रभुत्व हो गया था जिससे देश में अनेक मत-मतान्तर फैल गये और अज्ञान, अन्धविश्वास व पाखण्ड का बोलबाला हो गया । भूत-प्रेत, गण्डा-डोरी, फलित ज्योतिष, श्राद्ध-तर्पण, शगुन-अपशगुन आदि अनेक अन्धविश्वास व पाखण्ड कुछ कुरीतियाँ जैसे बाल-वृद्ध विवाह, सती प्रथा आदि चल पड़े जिससे देश पतन की ओर अग्रसर हो गया । साथ ही जैनियों की मूर्ति पूजा करने से जैन धर्म को बढ़ता देखकर हिन्दुओं ने भी राम व कृष्ण को अवतार घोषित करके उनकी पूजा करवानी आरम्भ कर दी जिससे हिन्दुओं ने भी राम व कृष्ण को अवतार घोषित करके उनकी पूजा करवानी आरम्भ कर दी जिससे हिन्दू जैन धर्म में जाने से तो रुक गये लेकिन मूर्ति पूजा से हिन्दुओं को बड़ा नुकसान पहुँचा । सही ईश्वर उपासना जो स्तुति प्रार्थनोपासना है उसको छोड़कर सभी मूर्ति पूजा में लग गये । मूर्ति-पूजक चरित्र को गौण और मूर्ति-पूजा को मुख्य समझने लगे जिससे देश की चरित्र की हानि हुई और देश पतन की ओर बढ़ने लगा । जब महर्षि दयानन्द ने देश की यह पतित अवस्था देखी और यह समझ लिया की यह स्थिति वेद ज्ञान जो ईश्वरीय ज्ञान है उसके प्रायः लुप्त हो जाने से यह स्थिति बनी है । तब महर्षि ने अनेक दुःख कष्ट व अभावों को सहकर अपने सच्चे गुरु स्वामी विरजानन्द की गोद में बैठकर करीब तीन साल तक वेद ज्ञान का अध्ययन किया और गुरू आज्ञा से ही वेद ज्ञान का प्रचार व प्रसार करने का व्रत लेकर वेदों का प्रचार किया जिससे देश में नव जागृति आई और हिन्दुओं में जो कुरीतियाँ, कुप्रथाएँ, अन्धविश्वास व पाखण्ड था उन पर कुछ अंशों में रोक लग गई जिससे देश वेद-ज्ञान की ओर अग्रसर हुआ और उससे स्थिति में काफी सुधार आया ।

६. आर्य बाहर से नहीं आये :- जब देश अंग्रेजों के अधीन हुआ तब हिन्दुओं के स्वाभिमान को नष्ट करने के लिए भारत के इतिहासकारों को कुछ लोभ लालच देकर उनसे भारत के इतिहास में कुछ गलत बातें लिखवा दी । पहली बात तो यह लिखवाई कि आर्य भी ईरान से या मध्य एशिया आदि बाहर से आये थे । दूसरी बात यह लिखवाई कि भारत के ऋषि-मुनि जो वैदिक काल में हुए थे, वे भी गो-माँस खाते थे आदि । जिससे हिन्दुओं का गौरव तो घटा ही साथ ही उनका विशेष महत्व भी समाप्त हो गया । इस स्थिति को समझकर महर्षि जी ने वेदों के आधार पर कहा कि ईश्वर ने सृष्टि के आदि में तिब्बत के पठार पर कृत्रिम गर्भाशय बनाकर युवा अवस्था में अनेक नर-नारी उत्पन्न किये जिससे आगे की सृष्टि चले । वहाँ पर आर्य व अनार्य दोनों थे हजारों वर्ष बाद उनका परस्पर झगड़ा होने से तिब्बत के पठार से आर्य नीचे आ गये । जिस भाग में आर्य बसें, उन्होंने उस प्रदेश को आर्यावर्त्त कहना आरम्भ कर दिया और स्वयं को आर्य कह कर रहने लगे । वहीं आर्य कालान्तर में हिन्दू बने । इस प्रकार हिन्दू यानि आर्य और आर्यावर्त्त यानि हिन्दुस्तान के आदि निवासी है, न कि बाहर से आये हैं । महर्षि ने एक बात और कही यदि आर्य बाहर से आये हैं आर्यों के आने से पहले इस देश का क्या नाम था, हमें, इतिहास में लिखा दिखाओ । इस बात पर सब की बोली बन्द हो गई । महर्षि के बाद स्वामी सम्पूर्णानन्द तथा अन्य कई इतिहास कारों ने इस बात को माना ।

७. गुरुकुल शिक्षा प्रणाली का समर्थन किया :- वैदिक काल में केवल भारत में ही नहीं पूरे विश्व में गुरुकुल शिक्षा का प्रचलन था । उनसे जो ब्रह्मचारी निकलते थे, वे पूर्ण चरित्रवान ईश्वर विश्वासी, विद्वान्, साहसी, शक्तिवान, धैर्यवान तथा समाज, धर्म व राष्ट्र के रक्षक होते थे जिससे केवल एक राष्ट्र ही नहीं बल्कि मानव मात्र वेदानुकूल चल कर मोक्ष प्राप्ति के अधिकारी बनते थे । जबसे अंग्रेज भारत में आये तब से अंग्रेजी शिक्षा का प्रचार होना आरम्भ हो गया और देश पश्चिमी सभ्यता की ओर जाने लगा । महर्षि ने यह स्थिति देखकर गुरुकुल शिक्षा का प्रचार किया और उनके बाद उनके शिष्य स्वामी श्रद्धानन्द, स्वामी ओमानन्द, स्वामी धर्मानन्द आदि ने गुरुकुल शिक्षा पद्धति का बहुत प्रचार किया । आज तो देश में हजारों की संख्या में गुरुकुल खुले हुए हैं जिनसे अच्छी उम्मीद रखी जा रही है ।

८. देश के महान् पुरुषों के चरित्र को संवारा :- देश के महान् पुरुष श्री कृष्ण, हनुमान, बाली, सुग्रीव आदि के बारे में काफी गलत बाते जोड़ रखी थी । सबसे अधिक तो भगवान् श्री कृष्ण जैसे महान् योगी को एक चरित्रहीन, नचनवा, लड़कियों के पीछो घूमने वाला, अनेकों पत्नियोंको रखने वाला बना रखा था । महर्षि ने उनको एक महान् योगी, एक पत्नीव्रता, एक महान् योद्धा बतला कर उनके चरित्र को केवल संवारा ही नहीं बल्कि यह लिखकर कि श्री कृष्ण ने जन्म से लेकर मृत्यु पर्यइत कोई गलत काम किया ही नहीं । उनके जीवन को और अधिक उज्ज्वल बना दिया । हनुमान, बाली-सुग्रीव आदि को बन्दर बना रखा था । उनकी एक वानर जाति बतलाकर उनको मनुष्य ही बतलाया । इस प्रकार उनके सही स्वरूप को प्रकट किया ।

९. शुद्धि प्रथा का प्रचलन किया :- हमारे गरीब, अनपढ़, लाचार हिन्दू वनवासी भाई-बहिनें जिन्होंने भय, लोभ, लालच से धर्म परिवर्तन कर लिया था, उनको पुनः हिन्दू बनाया और हिन्दुओं को संजीवनी बूटी पिलाई । महर्षि देव दयानन्द द्वारा संचालित इन सब कार्यों से देश में नव-जागृति आई जिससे भारत उन्नत और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है । वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश पुनः "विश्व गुरु" व "सोने की चिड़िया" कहलाने लगेगा ।

महात्मा बुद्ध एक आर्य सुधारक

-स्वामी धर्मानन्द

जन्मानुसार वर्णव्यवस्था और यज्ञों में पशु-हिंसादि का विरोध- निष्पक्षपात दृष्टि से विचार करने पर स्पष्ट ज्ञात होता है कि महात्मा बुद्ध के समय में अनेक सामाजिक और धार्मिक विकार उत्पन्न हो गये थे, लोग सदाचार, आन्तरिक शुद्धि, ब्रह्मचर्यादि की उपेक्षा करके केवल बाह्य कर्मकाण्ड व क्रिया-कलाप पर ही बल देते थे । अनेक देवी देवताओं की पूजा प्रचलित थी तथा उन देवी देवताओं को प्रसन्न करने के लिये लोग यज्ञों में भेड़ों और बकरियों, घोड़ों की ही नहीं, गौओं की भी बलि चढ़ाते थे । वर्णव्यवस्था को जन्मानुसार माना जाता था और जाति भेद उच्चनीच भावना को उत्पन्न करके भयङ्कर रूप धारण क रहा था । उच्च कुल में जन्म के अभिमान से लोग उपने को उच्च समझते और अन्यों को विशेषतः शूद्रों को अत्यन्त घृणा की दृष्टि से देखते थे । बहुत से लोगों को अस्पृश्य भी समझा जाता था । ये उच्चकुलाभिमानी अपने अन्दर ब्राह्मणोचित गुणों को धारक करने का कुछ भी प्रयत्न न करते थे और वस्तुतः अनमें से बहुतों का जीवन बड़ा पतित था तथापि अन्यों को हीन दृष्टि से देखते हुए उन्हें लज्जा न आती थी । पवित्र जीवन निर्माण की ओर ध्यान न देते हुए भी वे शुष्क दर्शनिक चर्चा में अपना समय अवश्य नष्ट करते थे और बौद्ध ग्रन्थों तथा ब्रह्मजाल सुत्त आदि में जो उनके दार्शनिक विचारों का वर्णन पाया जाता है उनसे स्पष्ट ज्ञात होता है कि वे प्राचीन ऋषियों के शुद्ध विचारों से बहुत दूर जा चुके थे तथा भाग्यवादी, अकर्मण्यतावादी, भौतिकवादी, नित्यपदार्थवादी तथा अक्रियावादी बने हुए पाप-पुण्य, कर्म नियम, सदाचारादि की कोई परवाह न करते थे । उदाहरणार्थ अजित केशकम्बल नामक एक प्रसिद्ध दार्शनिक, महात्मा बुद्ध का समकालीन था जिस का मत यह था कि-

"दान-यज्ञ-हवन यह सब व्यर्थ हैं, सुकृत दुष्कृत कर्मों का फल नहीं मिलता । यह लोक-परलोक नहीं । दान करो यह मूर्खों का उपदेश है । जो कोई आस्तिकवाद की बात करते हैं वह उनका तुच्छ (थोथा) झूँठ है । मूर्ख हों चाहे पण्डित, शरीर छोड़ने पर सभी उच्छिन्न हो जाते हैं, विनष्ट हो जाते हैं मरने के बाद कुछ नहीं रहता ।"[9]

मक्खलि गोशाल के दार्शनिक विचार- मक्खलि गोशाल नामक एक अन्य दार्शनिक महात्मा बुद्ध के समकालीन थे । उनका मत था कि 'प्राणियों के संक्लेश (चित्तमालिन्य) का कोई हेतु नहीं । बिना हेतु व कारण के ही प्राणी संक्लेश को प्राप्त होते हैं । प्राणियों की (चित्त) विशुद्धि का कोई हेतु नहीं । बिना हेतु के प्राणी विशुद्ध होते हैं । बल नहीं, वीर्य नहीं, पुरुष की दृढ़ता, पुरुष पराक्रम ही काम आते । सभी सत्त्व, सभी प्राणी, सभी भूत, जीव, बलवीर्य के बिना ही नियति (भवितव्यता) के वश में छह अभिजातियों (जन्मों) में सुख-दुःख अनुभव करते हैं ।'..... वहाँ यह नहीं कि इस शील व्रत से, इस तप ब्रह्मचर्य से मैं अपरिपक्व कर्म को परिपक्व करूँगा, परिपक्व कर्म को भोगकर उसका अन्त करूँगा । सुख और दुःख द्रोण (नाप) से नपे हुए हैं । संसार में घटना-बढ़ना, उत्कर्ष अपकर्ष नहीं होता । जैसे कि सूत की गोली फेंकने पर खुलती हुई गिर पड़ती है वैसे ही मूर्ख और पण्डित दौड़कर, आवागमन में पड़कर दुःख का अन्त करेंगे ।

इससे जान पड़ता है कि मक्खलि गोशाल (आजीवक) पूरा भाग्यवादी था । पुनर्जन्म और देवताओं को मानता था और कहता था कि जीवन का रास्ता नपा-तुला है, पाप-पुण्य उसमें कोई अन्तर नहीं डालते ।

पूर्ण काश्यप के दार्शनिक विचार-अक्रियावाद-यह भी बुद्ध समकालीन एक प्रसिद्ध दार्शनिक था । वह अच्छे-बुरे कर्मों को निष्फल बताता था । कर्म करते-कराते, छेदन करते-कराते, प्राण मारते, बिना दिया लेते (चोरी करते), सेंध काटते, गाँव लूटते, चोरी-बटमारी करते, परस्त्रीगमन कते, झूँठ बोलते भी पाप नहीं लगता । यदि घात करते-कराते, काटते-कटवाते, गङ्गा के उत्तर तीर से दक्षिण तीर पर भी चला जो तो भी इसके कारण उसको पाप नहीं होगा, पाप का आगम नहीं होगा । दान देतेदिलाते, यज्ञ करते-कराते यदि गङ्गा के उत्तर तीर पर भी चला जाए तो भी इसके कारण उसको पाप नहीं होगा, पाप का आगम नहीं होगा । दान देते दिलाते, यज्ञ करते कराते यदि गंगा के उत्तर तीर भी जाए तो इस कारण उसका पुण्य नहीं होगा । दान दम संयम से, सत्य बोलने से न पुण्य है, न पुण्य का आगम है ।

(दर्शन-दिग्दर्शन ४९१-४९२)

प्रक्रुध कात्यायन-नित्य पदार्थवादी-यह भी बुद्ध समकालीन एक प्रसिद्ध और लोक सन्मानित तीर्थङ्कर था । इसका मत यह था कि पृथिवीकाय (पृथिवीतत्व) जलकाय, अग्निकाय, वायुकाय, सुख, दुःख और जीवन ये सात तत्व अकृत जैसे अनिर्मित जैसे कूटस्थ जैसे, अचल हैं, विकार को प्राप्त नहीं होते, न एक दूसरे को हानि पहुँचाते हैं ।

यहाँ न कोई हन्ता है, न हनन करनेवाला, न सुननेवाला, न सुनानेवाला, न जाननेवाला, न जतलानेवाला । यदि तीक्ष्ण शस्त्र से भी काट दे तो भी कोई किसी को नहीं मारता । इत्यादि इस प्रकार यह भी पाप-पुण्य को व्यर्थ-सा माननेवाला पूर्ण अकर्मण्यतावादी था । (दर्शन-दिग्दर्शन पृ० ४९२)

संजय वेरत्तिपुत-अनेकान्तवादी-इसका मत अनेकान्तवाद का था अर्थात् यदि आप पूछें क्या परलोक है तो यदि मैं समझता होऊँ कि परलोक है तो आपको बतलाऊँ कि परलोक है । मैं ऐसा भी नहीं कहता, वैसा भी नहीं कहता दूसरी तरह से भी नहीं कहता । मैं यह भी नहीं कहता कि व नहीं है । मैं यह भी नहीं कहता कि वह है । परलोक नहीं है, परलोक नहीं-नहीं है, परलोक है भी और नहीं भी है । परलोक न है और न नहीं है, देवता नहीं हैं, हैं भी और नहीं भी न हैं, और न नहीं हैं । अच्छे-बुरे कर्म के फल हैं, नहीं हैं, हैं भी और नहीं भी, न हैं और न नहीं हैं । इत्यादि ।

(दर्शन-दिग्दर्शन पृ० ४९५)

इसी प्रकार अन्य ऊट-पटाँग, वेसिर पैर के और सदाचार की सर्वथा उपेक्षा करनेवाले दार्शनिक मत प्रचलित थे जिनका महात्मा बुद्ध को खण्डन करना पड़ा ।

जाति भेद का प्रबल खण्डन- वैदिक धर्म में वर्णव्यवस्था को गुण-कर्म-स्वभावानुसार बतलाया गया है । **"अज्येष्ठासो अकनिष्ठास एते सं भ्रातरो**

वावधुः सौभगाय । युवा पिता स्वपा रुद्र एषां सुदुघा पृश्निः सुदिना मरुद्भ्यः'' (ऋ० ५ । ६० । ५) इत्यादि वेद-मन्त्रों में यही स्पष्ट उपदेश है कि सब मनुष्य भाई हैं । जन्म के कारण कोई बड़ा वं छोटा, ऊँचा या नीचा नहीं । परमेश्वर सबका एक पिता और प्रकृति व भूमि सबकी एक माता है । ऐसा मानकर आचरण करने से ही सबको सौभाग्य की प्राप्त होती और वृद्धि होती है । वेदों में ब्राह्मण, क्षत्रियादि शब्द यौगिक और गुणवाचक हैं । जो ब्रह्म अर्थात् परमेश्वर और वेद को जानता और उनका प्रचार करता है, वह ब्राह्मण है । क्षत व आपत्ति से समाज और देश की रक्षा करनेवाले क्षत्रिय, व्यापारादि के लिये एक देश से दूसरे में प्रवेश करनेवाले वैश्य और शु-आशु द्रवति अथवा शुचा द्रवति इस व्युत्पत्ति के अनुसार सेवार्थ इधर-उधर दौड़नेवाले और उच्च ज्ञानरहित होने के कारण शोक करनेवाले शूद्र कहलाते हैं । **''उपह्वरे च गिरीणां, सङ्गमे च नदीनाम् । धिया विप्रो अजायत ।।''** (यजु० २६ । १५) इत्यादि मन्त्रों में यही बतलाया गया है कि पर्वतों की उपत्यकाओं, नदियों के सङ्गम इत्यादि रमणीक प्रदेशों में रहकर विद्याध्ययन करने और (धिया) उत्तम बुद्धि तथा अति श्रेष्ठ कर्म से मनुष्य ब्राह्मण बन जाते हैं । **''प्रियं मा कृणु देवेषु प्रियं राजसु मा कृणु । प्रियं सर्वस्य पश्यत, उत शूद्र उतार्ये ।''**

इत्यादि वेद-मन्त्रों में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र सबके साथ प्रेम करके सबके प्रेम पात्र बनने का उपदेश है ।

''ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः। ऊरू तदस्य यद् वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत ।।''*

इत्यादि मन्त्रों में मनुष्य समाज की एक पुरुष शरीर के साथ उपमा देते हुए जो मुख के समान ज्ञान सम्पन्न होकर वाणी द्वारा उस ज्ञान का प्रचार करनेवाला तथा स्वार्थ रहित तपस्वी हो वह ब्राह्मण, बाहु के समान समाज और राष्ट्र की शत्रुओं से रक्षा करने में समर्थ क्षत्रिय, शरीर के मध्य भाग के समान संगृहीत धन को जनता के हित के कार्यों में लगानेवाला वैश्य और पैरों के समान सबकी सेवा करने वाला शूद्र कहलाता है। शरीर के ये सब अङ्ग समानतया उपयोगी हैं और इनके परस्पर सहयोग से ही शरीर का कार्य चलता है । इस प्रकार का र्सजनोपयोगी सुन्दर उपदेश दिया गया है जिसको न समझकर अज्ञान व स्वार्थवश पौराणिक काल में यह समझा गया कि ब्रहाह्मण ब्रह्मा के मुख से उत्पन्न हुए, क्षत्रिय बाहुओं से, वैश्य जाँघों से और शूद्र पैरों से । इस प्रकार जन्मगत ऊँच-नीच की अशुद्ध और अत्यन्त हानिकारक कल्पना की गई । इसी का एक आर्य सुधारक के रूप में महात्मा बुद्ध ने प्रबल खण्डन किया ।

माननीय डॉ- भीमराव अम्बेदकरजी ने महाबोधि (Mahabodhi) नामक पत्र के वैशाख अंक (मई १९४०) में 'Buddha and the Future of His Religion' पर लेख लिखते हुए लिखा था कि- 'Buddha was the greatest opponent of Chatur Varnya' अर्थात् बुद्ध चातुर्वर्ण्य के सबसे बड़े विरोधी थे (देखो पृ० १९९), किन्तु वस्तुतः ऐसा कथन सर्वथा अशुद्ध है । महात्मा बुद्ध ने जन्मानुसार वर्णव्यवस्था मानने का खण्डन किया है किन्तु गुण-कर्मानुसार ब्राह्मण आदि मानने का उन्होंने स्पष्ट प्रतिपादन किया है ।

सुत्त निपात वसिट्ठ सुत्त में वर्णन है कि वसिट्ठ (वसिष्ठ) और भारद्वाज नामक दो ब्रहाह्मणों का जाति भेद के विषय में विवाद हुआ । उस विवाद का विषय वसिट्ठ (वसिष्ठ) ने इस प्रकार बताया है कि-

तेसं नो जातिवादस्मिं विवादो अत्थि गौतम । जातिया ब्राह्मणो होति भारद्वाजो इति भासति । अहं च कम्मणा ब्रूमि, एवं जानाहि चक्खुमा ।।१

अर्थात् हमारा जाति भेद के विषय में विवाद हो गया है । भारद्वाज कहता है कि ब्राह्मण जन्म से होता है और में कहता हूँ कि वह कर्म से होता है । इसपर उन्होंने महात्मा बुद्ध से व्यवस्था माँगी है कि-

चक्खुं लोके समुप्पन्नं, भयं पुच्छाम गौतमम् । जातिया ब्राह्मणो होति? उदाहु भवति कम्मणा। अजानतं नो प्रब्रूहि, यथा जानेमु ब्राह्मणम्।।२

अर्थात् आप ज्ञान दृष्टि सम्पन्न हैं, अतः आपसे हम पूछते हैं कि ब्राह्मण जन्म से होता है वा कर्म से । इस पर महात्मा बुद्ध ने यह बताते हुए कि- 'जीव जनतुओं में एक दूसरे से बहुत-सी विभिन्नताएँ और विचित्रताएँ पाई जाती हैं और उनमें श्रेणियाँ भी अनेक हैं । इसी प्रकार वृक्षों और फलों में भी विविध प्रकार के भेद-प्रभेद देखने में आते हैं, उनकी जातियाँ भी कई प्रकार की हैं ।

देखो न साँप कितनी जातियों के हैं ? जलचरों और नभचरों के भी असंख्य स्थिर भेद हैं जिनसे उनकी जातियाँ लोक में भिन्न-भिन्न मानी जाती हैं ।' कहा-

यथा एतेसुजातीसु, लिङ्गं जातिमयं पुथु । एवं नात्थि मनुस्सेसु, लिङ्गं जातिमयं पुथु ।।

न केसेहि न सीसेन, न कन्नेहि नाक्खिहि ।

न मुखेन न नासाया न ओट्ठेहि भमूहि वा ।।

न जिह्वया न अंसेहिं, त उदरेन न पिट्ठिया ।

न सोणिया न उरसा, न सम्बाधे न मेथुने ।।

लिङ्गं जातिमयं नेय, यथा अन्नेसु जातिषु ।।[9]

अर्थात् मनुष्यों के शरीर में तो ऐसा कोई भी पृथक् चिह्न (लिङ्गभेदक चिह्न, कहीं देखने में नहीं आता । उनके केश, सिर, कान, आँख, मुख, नाक, गर्दन, कन्धा, पेट, पीठ, हथेली, पैर, नाखून आदि अङ्गों में कहाँ हैं ऐसी विभिन्नताएँ ? जो मनुष्य गाय चराता है उसे हम चरवाहा कहेंगे ब्रहाह्मण नहीं । विभिन्नताएँ ? जो मनुष्य गाय चराता है उसे हम चरवाहा कहेंगे ब्रह्मण नहीं ।

जो व्यापार करता है वह व्यापारी ही कहलाएगा और शिल्प करनेवाले को हम शिल्पी ही कहेंगे ब्राह्मण नहीं ।

दूसरों की परिचर्या करके जो अपनी जीविका चलाता है वह परिचर ही कहा जाएगा ब्राह्मण नहीं ।

अस्त्रा-शस्त्रों से अपना निर्वाह करनेवाला मनुष्य सैनिक ही कहा जाएगा ब्राह्मण नहीं । अपने कर्म से कोई किसान है तो कोई शिल्पकार कोई व्यापारी है तो कोई अनुचर । कर्म पर ही जगत् स्थित है ।

न जच्चा ब्राह्मणो होति, न जच्चा होति अब्राह्मणो ।

कम्मना ब्राह्मणो होति, कम्मना होति अब्राह्मणो ।। ६५० ।।

अर्थात् न जन्म से कोई ब्राह्मण होता है, न जन्म से अब्राह्मम । कर्म से ही मनुष्य ब्राह्मण होता है और कर्म से अब्राह्मण ।

न चाहं ब्राह्मण ब्रूमि योनिजमत्तिसंभवम् । भोवादी नाम सो होति, स वे होति सकिंचनो। अकिंचनं अनादानं तम् अहं ब्रूमि ब्राह्मणम्।।६२०।। अक्कोसं बधबन्धौ च, अदुट्ठो यो तितिक्खति। खन्तीबलं बलानीकं, तम् अहं ब्रूमि ब्राह्मणम् ।।६२३।। अक्कोधनं वतवन्तं सीलवन्तम् अनुस्संदम् । दान्तमन्तिम शारीरं, तमहं ब्रूमि ब्राह्मणम्।।६२४।। वारि पोक्खरपत्ते व आरग्गरिव सासपो । यो न लिप्पति कामेसु, तमहं ब्रूमि ब्राह्मणम्।।६२५।। गम्भीर पञ्ञं मेधाविम्, मग्गामग्गस्य कोविदम् । उत्तमत्थमनुप्पात्तं, तमहं ब्रूमि ब्राह्मणम् ।।६२७।।

शेष अगले अंक में...

మీరట్, మే 10

– ఎం.వి.ఆర్.శాస్త్రి

ఆరోజు అన్నీ అపశకునాలే. ఎక్కడ విన్నా గుండెలదిరే వదంతులే. 'ఈరోజు సిపాయిలు తిరుగుబాటేదో చేస్తారటమ్మా. అంతా అనుకుంటున్నారు' అని ఒక తెల్లదొర ఇంట్లో పనిచేసే పిల్ల మేమ్‌సాహెబ్ చెవిన వేసింది. ఆమె కంగారుపడి ఇరుగూ పొరుగూ దొరసానులను వాకబు చేసింది. వారికి ఏమీ తెలియదు. వారి పరిచారికలు ఆ పూట ఇంకా పనికి రాలేదు. వారికే కాదు. ఆరోజు మీరట్ మిలిటరీ లైన్సులోనూ, సివిల్ ఏరియాల్లోనూ చాలామంది యూరోపియన్ల ఇంటి పనిమనుషులు చెప్పాపెట్టకుండా డుమ్మా కొట్టారు. దొరలూ, దొరసానులూ ఆ సంగతి మొదట్లో అంతగా పట్టించుకోలేదు.

మీరట్ సిపాయిలకు పొద్దున్నే చెడ్డకబురు. నిన్న 85 మందికి చేసినట్టే ఇవాళ స్టేషన్లోని మిగతా సిపాయిలందరికీ కూడా ఆయుధాలు లాక్కుని, సంకెళ్లు వేసి జైలుకు పంపిస్తారనట. అందుకోసం రెండువేల జతల సంకెళ్లను చేయించి పెట్టారట. సిపాయిల ఒళ్లు ఝల్లుమంది. వట్టి పుకారేనని సరిపుచ్చుకున్నా బహుశా అది నిజమేనేమోనన్న భయం రోజంతా పీకింది. నిన్నటి పెరేడ్‌లో తమ సోదరులకు పట్టిన దుర్గతికి అందరికీ క్షోభ, క్రోధం కలిగినా, తెగించి వెంటనే ఏదో ఒకటి చేయాలన్న విషయంలో సిపాయిలందరూ ఒక్కమాట మీద లేరు. కొంచెం ఆగుదామనేవారు, నింపాదిగా ఆలోచిద్దామనేవారు, ఏమి చేస్తే ఏమి మూడుతుందోనని భయపడేవారు, సర్కారు కొండతో ఢీకొంటే మనకే తల పగులుతుందని వెనకాడేవారు... నేటివ్ రెజిమెంట్లలో చాలామందే ఉన్నారు.

